Test Booklet No.
परीक्षा पुस्तिका संख्या

# SP-1

This booklet contains 56 pages.
इस पुस्तिका में 56 पृष्ठ हैं ।

**PAPER I / प्रश्न-पत्र I**

**MAIN TEST BOOKLET / मुख्य परीक्षा पुस्तिका**

**Test Booklet Code**
**परीक्षा पुस्तिका संकेत**

# A

**8100001**

**Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.**
**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए ।**

**Read carefully the Instructions on the Back Cover of this Test Booklet.**
**इस परीक्षा पुस्तिका के पिछले आवरण पर दिए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें ।**

## *INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES*

1. The OMR Answer Sheet is inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars on **Side-1** and **Side-2** carefully with **blue/black** ball point pen only.
2. The test is of $1\frac{1}{2}$ **hours** duration and consists of **150** questions. There is no negative marking.
3. Use **Blue / Black Ball Point Pen only** for writing particulars on this page / marking responses in the Answer Sheet.
4. The CODE for this Booklet is **A**. Make sure that the CODE printed on **Side-2** of the Answer Sheet is the same as that on this booklet. Also ensure that your Test Booklet No. and Answer Sheet No. are the same. In case of discrepancy, the candidate should immediately report the matter to the Invigilator for replacement of both the Test Booklet and the Answer Sheet.
5. This Test Booklet has **five** Parts, I, II, III, IV and V, consisting of **150** Objective Type Questions, each carrying 1 mark :

| | | |
|---|---|---|
| Part-I | : Child Development and Pedagogy | (Q. 1 to Q. 30) |
| Part-II | : Mathematics | (Q. 31 to Q. 60) |
| Part-III | : Environmental Studies | (Q. 61 to Q. 90) |
| Part-IV | : Language I - (English/Hindi) | Q. 91 to Q. 120) |
| Part-V | : Language II - (English/Hindi) | (Q. 121 to Q. 150) |

6. Part-IV contains 30 questions for Language-I and Part-V contains 30 questions for Language-II. In this Test Booklet, only questions pertaining to English and Hindi language have been given. **In case the language/s you have opted for as Language-I and/or Language-II is a language other than English or Hindi, please ask for a Test Booklet that contains questions on that language. The languages being answered must tally with the languages opted for in your Application Form.**
7. **Candidates are required to attempt questions in Part -V (Language-II) in a language other than the one chosen as Language-I (in Part-IV) from the list of languages.**
8. Rough work should be done only in the space provided in the Test Booklet for the same.
9. The answers are to be recorded on the OMR Answer Sheet only. Mark your responses carefully. No whitener is allowed for changing answers.

## *परीक्षार्थियों के लिए निर्देश*

1. OMR उत्तर पत्र इस परीक्षा पुस्तिका के अन्दर रखा है । जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर पत्र निकाल कर **पृष्ठ-1** एवं **पृष्ठ-2** पर ध्यान से केवल **नीले/काले** बॉल पॉइंट पेन से विवरण भरें ।
2. परीक्षा की अवधि $1\frac{1}{2}$ **घंटे** है एवं परीक्षा में **150** प्रश्न हैं । कोई ऋणात्मक अंकन नहीं है ।
3. इस पृष्ठ पर विवरण अंकित करने एवं उत्तर पत्र पर निशान लगाने के लिए **केवल नीले/काले बॉल पॉइंट पेन** का प्रयोग करें ।
4. इस पुस्तिका का **संकेत** है **A**. यह सुनिश्चित कर लें कि इस पुस्तिका का संकेत, उत्तर पत्र के **पृष्ठ-2** पर छपे संकेत से मिलता है । यह भी सुनिश्चित कर लें कि परीक्षा पुस्तिका संख्या और उत्तर पत्र संख्या मिलते हैं । अगर यह भिन्न हों तो परीक्षार्थी दूसरी प्रश्न पुस्तिका और उत्तर पत्र लेने के लिए निरीक्षक को तुरन्त अवगत कराएँ ।
5. इस परीक्षा पुस्तिका में **पाँच** भाग I, II, III, IV और V हैं, जिनमें **150** वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जो प्रत्येक 1 अंक का है :

| | | |
|---|---|---|
| भाग-I | : बाल विकास व शिक्षा शास्त्र | (प्र. 1 से प्र. 30) |
| भाग-II | : गणित | (प्र. 31 से प्र. 60) |
| भाग-III | : पर्यावरण अध्ययन | (प्र. 61 से प्र. 90) |
| भाग-IV | : भाषा I - (अंग्रेज़ी / हिन्दी) | (प्र. 91 से प्र. 120) |
| भाग-V | : भाषा II - (अंग्रेज़ी / हिन्दी) | (प्र. 121 से प्र. 150) |

6. भाग-IV में भाषा-I के लिए 30 प्रश्न और भाग-V में भाषा-II के लिए 30 प्रश्न दिए गए हैं । इस परीक्षा पुस्तिका में केवल अंग्रेज़ी व हिन्दी भाषा से संबंधित प्रश्न दिए गए हैं । **यदि भाषा-I और/या भाषा-II में आपके द्वारा चुनी गई भाषा(एँ) अंग्रेज़ी या हिन्दी के अलावा है तो कृपया उस भाषा वाली परीक्षा पुस्तिका माँग लीजिए । जिन भाषाओं के प्रश्नों के उत्तर आप दे रहे हैं वह आवेदन पत्र में चुनी गई भाषाओं से अवश्य मेल खानी चाहिए ।**
7. **परीक्षार्थी भाग-V (भाषा-II) के लिए, भाषा सूची से ऐसी भाषा चुनें जो उनके द्वारा भाषा I (भाग-IV) में चुनी गई भाषा से भिन्न हो ।**
8. रफ कार्य परीक्षा पुस्तिका में इस प्रयोजन के लिए दी गई खाली जगह पर करें ।
9. सभी उत्तर केवल OMR उत्तर पत्र पर ही अंकित करें । अपने उत्तर ध्यानपूर्वक अंकित करें । उत्तर बदलने हेतु श्वेत रंजक का प्रयोग निषिद्ध है ।

Name of the Candidate (in Capitals) : ______________________
परीक्षार्थी का नाम (बड़े अक्षरों में) :

Roll Number : in figures ______________________
अनुक्रमांक : अंकों में
: in words ______________________
: शब्दों में

Centre of Examination (in Capitals) : ______________________
परीक्षा केन्द्र (बड़े अक्षरों में) :

Candidate's Signature : ______________ Invigilator's Signature : ______________
परीक्षार्थी के हस्ताक्षर : निरीक्षक के हस्ताक्षर :

Fascimile signature stamp of
Centre Superintendent ______________________

SEAL

## PART – I/भाग – I

## CHILD DEVELOPMENT AND PEDAGOGY / बाल विकास व शिक्षा शास्त्र

***Directions** : Answer the following questions by selecting the **most appropriate** option.*

1. Which one of the following is most crucial factor for a differently abled child ?
   (1) Controlling his/her behaviour
   (2) Improving his/her grades
   (3) Enhancing his/her skills
   (4) Reducing his/her suffering

2. Which one of the following could cause learning disability ?
   (1) Cultural variation
   (2) Prenatal drug use
   (3) Aptitude of teacher
   (4) Apathy shown by peers

3. Which is the incorrect way to support the language development ?
   (1) Letting the child talk uninterruptedly on a topic.
   (2) Disapproving the use of their own language.
   (3) Supporting initiation taken by children.
   (4) Providing opportunities for using language.

4. For most of the right-handed people, the left hemisphere of the brain handles
   (1) spatial-visual information
   (2) language-processing
   (3) emotions
   (4) movement of left arm

***निर्देश** : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए **सबसे उचित** विकल्प चुनिए :*

1. भिन्न रूप से सक्षम बच्चे के लिए निम्नलिखित में से कौन सा सबसे महत्त्वपूर्ण कारक है ?
   (1) उसके व्यवहार को नियंत्रित करना
   (2) उसके ग्रेड्स में सुधार करना
   (3) उसके कौशलों का संवर्द्धन करना
   (4) उसकी पीड़ा को कम करना

2. निम्नलिखित में से कौन सा अधिगम निर्योग्यता का कारण हो सकता है ?
   (1) सांस्कृतिक वैभिन्नय
   (2) अभिभावक द्वारा बच्चे के जन्म से पूर्व ड्रग इस्तेमाल करना
   (3) शिक्षक की अभिक्षमता
   (4) समवयस्कों द्वारा प्रदर्शित उदासीनता

3. भाषा विकास में सहयोग करने का कौन सा तरीका गलत है ?
   (1) बच्चे को एक प्रकरण पर बिना टोके बात करने देना ।
   (2) उनकी अपनी भाषा के प्रयोग को अमान्य करना ।
   (3) बच्चों द्वारा की गई पहलों को समर्थन देना ।
   (4) भाषा का प्रयोग करने के अवसर उपलब्ध कराना ।

4. दाएँ हाथ से काम करने वाले अधिकतर व्यक्तियों के लिए मस्तिष्क का बायाँ गोलार्ध ______ को नियंत्रित करता है ।
   (1) दैशिक-चाक्षुष सूचना
   (2) भाषा-प्रक्रमण
   (3) संवेग
   (4) बाएँ बाजू की गति

5. Which one of the following is an issue related to development ?
(1) Congenital – Acquired
(2) Natural – Nutritional
(3) Nature – Nurture
(4) Scholastic – Co-scholastic

6. Which one of the following is not a part of Piaget's pre-operational stage except
(1) Egocentricism
(2) Animism
(3) Irreversibility
(4) Conservation

7. Which one of the following is a part of Piaget's concrete operational stage except
(1) Reversibility
(2) Inductive reasoning
(3) Spatial thinking
(4) Lack of conservation

8. Which one of the following is not a part of Sternberg's triarchic theory of intelligence ?
(1) Analytical intelligence
(2) Practical intelligence
(3) Spatial intelligence
(4) Creative intelligence

9. All of the following are examples of intelligence tests excluding ________.
(1) Stanford Binet
(2) Welchsler – Binet
(3) Baylay Scales
(4) Rorschach test

5. निम्नलिखित में से कौन सा विकास से संबंधित मुद्दा है ?
(1) सहजात – अर्जित
(2) स्वाभाविक – पोषण संबंधी
(3) प्रकृति – पालन
(4) शैक्षणिक – सहशैक्षणिक

6. ______ के अलावा निम्नलिखित में से कौन सा पियाजे की पूर्व-संक्रियात्मक अवस्था का हिस्सा नहीं है ?
(1) आत्मकेंद्रिता
(2) जीववाद
(3) अनपलटावली (irreversibility)
(4) संधारण

7. ______ के अलावा निम्नलिखित में से कौन सा पियाजे की मूर्त संक्रियात्मक अवस्था का हिस्सा है ?
(1) पलटावली
(2) आगमनात्मक तर्कणा
(3) दैशिक चिंतन
(4) संधारण का अभाव

8. निम्नलिखित में से कौन सा स्टेनबर्ग के बुद्धि के त्रितंत्र सिद्धांत का हिस्सा नहीं है ?
(1) विश्लेषणपरक बुद्धि
(2) व्यावहारिक बुद्धि
(3) दैशिक बुद्धि
(4) सृजनात्मक बुद्धि

9. ______ के अलावा निम्नलिखित में सभी बुद्धि परीक्षण के उदाहरण हैं ।
(1) स्टेनफोर्ड बिने
(2) वैश्लर-बिने
(3) बैले स्केल्स
(4) रोर्शाक परीक्षण

10. The achievement motivation of children may be strengthened by
(1) Telling them moral stories
(2) Praising them regardless of their performance
(3) Assigning them responsibility to handle
(4) Telling them that it is only the scores that matter in getting decent job

11. Students are naturally motivated to
(1) seek simple tasks
(2) explore novelty
(3) seek continuous struggle
(4) commit mistakes

12. The most important factor for improving the quality of education in India may be
(1) upgrading the professional capacity of teachers by training and supervising.
(2) focusing assessments exclusively on higher order thinking skills.
(3) following a pan – India curriculum throughout the country.
(4) increasing the frequency of external examination to twice a year.

13. Formative Assessment may be a
(1) pretest
(2) post test
(3) both (1) and (2)
(4) only either (1) or only (2)

10. बच्चों की उपलब्धि अभिप्रेरणा को ______ दृढ़ किया जा सकता है ।
(1) उन्हें नैतिक कहानियाँ सुनाकर ।
(2) उनके निष्पादन पर ध्यान दिए बिना उनकी प्रशंसा करके ।
(3) उन्हें सँभालने के लिए उत्तरदायित्व देकर ।
(4) उन्हें यह बताकर कि अच्छी नौकरी के लिए केवल अंक ही महत्त्वपूर्ण होते हैं ।

11. शिक्षार्थी स्वभावत: ______ के लिए अभिप्रेरित होते हैं ।
(1) सरल कार्य करने
(2) नवीनता खोजने
(3) निरंतर संघर्ष ढूँढ़ने
(4) गलतियाँ करने

12. भारत में शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण कारक हो सकता है
(1) प्रशिक्षण एवं पर्यवेक्षण के द्वारा शिक्षकों की व्यावसायिक दक्षता को बढ़ाना ।
(2) केवल उच्चस्तरीय चिंतन कौशलों पर ही आकलन को केंद्रित करना ।
(3) सम्पूर्ण भारत हेतु एक ही पाठ्यचर्या का अनुगमन करना ।
(4) बाह्य परीक्षा की आवृत्ति को बढ़ाते हुए उसे साल में दो बार करना ।

13. रूपात्मक आकलन हो सकता है
(1) पूर्व-परीक्षण
(2) पश्च-परीक्षण
(3) (1) और (2) दोनों
(4) या केवल (1) या केवल (2)

14. The following categories affect 'Gender' except
    (1) ethnicity
    (2) religion
    (3) aptitude
    (4) language

15. Seema may be more ________ than Devika.
    (1) feminine
    (2) masculine
    (3) both (1) and (2)
    (4) either (1) or (2)

16. Schools while dealing with poverty stricken children must
    (1) attach greater importance to curricular activities by segregating them for better attention.
    (2) expect them to possess high standards of behaviour.
    (3) have a zero tolerance of excuses for not attending schools regularly.
    (4) provide students appropriate training to develop skills to strengthen their self-esteem.

17. The term "disabled children" refers to
    (1) all children with sensory, physical impairments
    (2) all children with emotional difficulties and intellectual impairments
    (3) both (1) and (2)
    (4) either (1) or (2)

14. ______ के अलावा निम्नलिखित श्रेणियाँ 'जेंडर' को प्रभावित करती हैं ।
    (1) नृजातीयता
    (2) धर्म
    (3) अभिक्षमता
    (4) भाषा

15. सीमा देविका से ज्यादा ______ हो सकती है ।
    (1) नारी-सदृश
    (2) पुरुष-सदृश
    (3) (1) और (2) दोनों
    (4) या केवल (1) या केवल (2)

16. गरीबी से पीड़ित बच्चों के साथ व्यवहार करते समय विद्यालयों को
    (1) सही ध्यान के लिए उन्हें पृथक करते हुए शैक्षणिक गतिविधियों को अधिक महत्ता देना ।
    (2) व्यवहार के उच्च मानकों पर अधिकार प्राप्त करने के लिए उनसे अपेक्षा करना ।
    (3) नियमित रूप से विद्यालय में न आने के कारणों को बिल्कुल भी सहन नहीं करना चाहिए ।
    (4) शिक्षार्थियों को उपयुक्त प्रशिक्षण उपलब्ध कराना ताकि वे अपने आत्म-सम्मान को दृढ़ करने की कुशलता विकसित कर सकें ।

17. 'अक्षम बच्चे' शब्दावली ______ की ओर संकेत करती है ।
    (1) इंद्रिय, शारीरिक क्षति वाले सभी बच्चे
    (2) सांवेगिक कठिनाई एवं बौद्धिक क्षति वाले सभी बच्चे
    (3) (1) और (2) दोनों
    (4) या केवल (1) या केवल (2)

18. Which of the following Article of the Constitution has been affected after notification of the Right to Free and Compulsory Education Act-2009 ?

(1) Article-51

(2) Article-46

(3) Article-22

(4) Article-20

19. The use of teacher made tests may be preferred over standardised tests for assessing the performance of disadvantaged students as

(1) standardised tests are given to only those students who come from higher strata of society.

(2) standardised tests do not take into account the special needs of disadvantaged group.

(3) standardised tests have large errors of measurement.

(4) standardised tests are focussed on rote memory.

20. The early identification of special children is important to

(1) prevent secondary disabilities

(2) discourage their self-efforts to be at par with normal children

(3) persuade them to attend special schools

(4) help them to cope with their special status

18. नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा अधिनियम 2009 की अधिसूचना के बाद संविधान का निम्नलिखित में से कौन सा अनुच्छेद प्रभावित हुआ ?

(1) अनुच्छेद-51

(2) अनुच्छेद-46

(3) अनुच्छेद-22

(4) अनुच्छेद-20

19. वंचित वर्ग के शिक्षार्थियों के निष्पादन का आकलन करने के लिए मानकीकृत परीक्षणों के स्थान पर शिक्षक निर्मित परीक्षणों को प्राथमिकता दी जा सकती है क्योंकि

(1) मानकीकृत परीक्षण केवल उन्हीं शिक्षार्थियों को दिए जा सकते हैं जो समाज के उच्च स्तर से आए हैं ।

(2) मानकीकृत परीक्षण वंचित वर्ग की विशिष्ट आवश्यकताओं को ध्यान में नहीं रखते ।

(3) मानकीकृत परीक्षण में मापन की बहुत त्रुटियाँ होती हैं ।

(4) मानकीकृत परीक्षण रटने पर केंद्रित होते हैं ।

20. विशेष बच्चों की प्रारंभ में ही पहचान करना महत्त्वपूर्ण है

(1) गौण निर्योग्यताओं से बचाव के लिए

(2) अन्य सामान्य बच्चों के अनुरूप बनने संबंधी उनके स्व-प्रयासों को निरुत्साहित करने के लिए

(3) विशेष विद्यालय में जाने के लिए उन्हें मनाने के लिए

(4) उनके विशेष स्तर से उबरने में उनकी सहायता करने के लिए

21. Which one of the following principles facilitates inclusive education ?
   (1) Children with IQ 80 and above can learn and benefit from normal education.
   (2) Special children if included in normal classroom further lag behind as performance of the other students will frustrate them.
   (3) Individual differences in students is a major problem for a general teacher.
   (4) The views of students should be given due importance.

22. The following are the instructional strategies except
   (1) Contextualizing instruction
   (2) Providing learner control of instruction
   (3) Observing patiently the activities of students done by them during learning
   (4) Assessing learning

23. Misbehaviour at school may reflect the ________ to ________.
   (1) urge; wield power
   (2) need; establish social identity
   (3) desire; leave school
   (4) pressure; relieve the bottled up feelings

24. Problem Solving is not
   (1) goal directed
   (2) a skill that can be learned and practiced
   (3) about numerical ability
   (4) based on the understanding and use of sequenced steps

21. निम्नलिखित में से कौन सा नियम समावेशी शिक्षा को सुगम बनाता है ?
   (1) 80 अथवा उससे ऊपर बुद्धिलब्धि वाले बच्चे सीख सकते हैं और सामान्य शिक्षा से लाभान्वित हो सकते हैं ।
   (2) यदि विशेष बच्चों को सामान्य कक्षा-कक्ष में शामिल किया जाता है तो वे फिर पीछे रह जाएँगे क्योंकि अन्य बच्चों का निष्पादन उन्हें निराश कर देगा ।
   (3) शिक्षार्थियों में वैयक्तिक भिन्नता एक सामान्य शिक्षक के लिए बड़ी समस्या है ।
   (4) शिक्षार्थियों के विचारों को महत्त्व दिया जाना चाहिए ।

22. ______ के अलावा निम्नलिखित अनुदेशनात्मक रणनीतियाँ हैं ।
   (1) संदर्भीकृत अनुदेशन ।
   (2) अनुदेशन का शिक्षार्थी-नियंत्रण उपलब्ध कराने ।
   (3) सीखने के दौरान शिक्षार्थियों द्वारा की जा रही गतिविधियों का धैर्य के साथ अवलोकन करने ।
   (4) मूल्यांकन अभिगम ।

23. विद्यालय में अप-व्यवहार ______ की ______ को प्रदर्शित कर सकता है ।
   (1) शक्ति को अपने पास रखने ; उत्कंठा
   (2) सामाजिक पहचान स्थापित करने; आवश्यकता
   (3) विद्यालय छोड़ने ; इच्छा
   (4) घनीभूत भावों को व्यक्त करने ; दबाव

24. समस्या समाधान ______
   (1) लक्ष्योन्मुखी नहीं हैं ।
   (2) एक कौशल नहीं है जो सीखा जा सकता है और जिसका अभ्यास किया जा सकता है ।
   (3) संख्या संबंधी योग्यता के बारे में नहीं है ।
   (4) समझ और क्रमिक चरणों के प्रयोग पर आधारित नहीं है ।

25. The dominant element of emotion is
(1) feeling
(2) motive
(3) goal
(4) success

26. Which of the following statements about emotions is incorrect ?
(1) Emotional development is an orderly process in which complex emotions unfold from simpler ones.
(2) Because emotions are subjective, they are difficult to study.
(3) Emotions depend on consciousness.
(4) Learning theorists explain emotions in terms of how they serve people's survival and well-being.

27. Abhimanyu, a student from economically weaker section takes admission in class IV of a public school under RTE-Act. After some time co-students of Abhimanyu start bullying him for his poor background. As a teacher what should you do in this situation if you are following the Kohlberg Theory of Moral Development ?
(1) Convey it to students that they will be punished if they continue bullying Abhimanyu.
(2) Counsel students about accepting Abhimanyu as their fellow students.
(3) Ask Abhimanyu to avoid the students who bully him.
(4) Request principal to arrange a decent dress and pair of shoes for Abhimanyu.

25. संवेग का प्रमुखशाली तत्त्व है
(1) भाव
(2) प्रयोजन
(3) लक्ष्य
(4) सफलता

26. संवेगों के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन गलत है ?
(1) संवेगात्मक विकास एक क्रमिक प्रक्रिया है जिसमें सरल संवेगों में से जटिल संवेग प्रदर्शित होते हैं ।
(2) चूँकि संवेग व्यक्तिनिष्ठ होते हैं इसलिए इनका अध्ययन करना कठिन होता है ।
(3) संवेग चेतनता पर निर्भर होते हैं ।
(4) अधिगम-सिद्धांतवादी संवेगों की इस रूप में व्याख्या करते हैं कि ये व्यक्ति के जीने और कल्याण में कैसे सहायता करते हैं ।

27. अभिमन्यु जो आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से है, शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत एक पब्लिक स्कूल की कक्षा IV में दाखिला लेता है । कुछ समय बाद अभिमन्यु के सहपाठी उसे उसकी गरीब पृष्ठभूमि के लिए बहुत परेशान करते हैं । एक शिक्षक के रूप में आप ऐसी स्थिति में क्या करेंगे यदि आप कोहलबर्ग के नैतिक विकास के सिद्धांत का अनुगमन करते हैं ?
(1) शिक्षार्थियों से कहेंगे कि यदि वे अभिमन्यु को परेशान करना जारी रखते हैं तो उन्हें दंडित किया जाएगा ।
(2) अभिमन्यु को अपने सहपाठी के रूप में स्वीकार करने के बारे में शिक्षार्थियों को परामर्श देंगे ।
(3) अभिमन्यु से कहेंगे कि जो बच्चे उसे परेशान करते हैं उनकी उपेक्षा करे ।
(4) प्रधानाचार्य से निवेदन करेंगे कि वे अभिमन्यु के लिए अच्छी पोशाक और एक जोड़ी जूते का प्रबंध करें ।

28. Which of the following skills should be stressed more for mentally underdeveloped children ?

(1) Communicative skills

(2) Numerical skills

(3) Adaptation skills

(4) Life skills

29. Visually challenged students will get maximum support if

(1) their learning takes place through talks delivered by teachers.

(2) their survival strategies are strengthened.

(3) their social skills are enhanced to get maximum support from peers.

(4) software assisted Braille script is taught.

30. Special education

(1) caters to the need of all students.

(2) caters to the need of general teachers.

(3) helps differently abled students to master a skill.

(4) helps differently abled students to relate with others in a better way.

28. मानसिक रूप से अवर विकसित बच्चों के लिए निम्नलिखित में किन कौशलों पर बल दिया जाना चाहिए ?

(1) संप्रेषण परक कौशल

(2) संख्या आधारित कौशल

(3) अनुकूलन कौशल

(4) जीवन कौशल

29. चाक्षुष रूप से चुनौतीपूर्ण शिक्षार्थियों को अधिकतम सहयोग प्राप्त होगा यदि

(1) उनका सीखना शिक्षक द्वारा चर्चा करने के माध्यम से होगा ।

(2) उनकी जीवित रहने की रणनीतियाँ मज़बूत होंगी ।

(3) समवयस्कों से अधिकतम सहायता प्राप्त करने के लिए उनके सामाजिक कौशल संवर्द्धित होंगे ।

(4) सॉफ्टवेयर सहयोगी ब्रेल लिपि उन्हें सिखाई जाए ।

30. विशेष शिक्षा –

(1) सभी शिक्षार्थियों की आवश्यकताओं को पूरा करती है ।

(2) सामान्य शिक्षकों की आवश्यकताओं को पूरा करती है ।

(3) कौशल में निपुणता प्राप्त करने के लिए भिन्न रूप से सक्षम शिक्षार्थियों की सहायता करती है ।

(4) सही तरीके से दूसरों के साथ जोड़ने के लिए भिन्न रूप से सक्षम शिक्षार्थियों की सहायता करती है ।

## PART – II / भाग – II

## MATHEMATICS / गणित

31. Ten thousands + ten ones + ten tens equals
    (1) 10110
    (2) 11010
    (3) 10011
    (4) 101010

32. Which one of the following is not correct ?
    (1) 7 metres 10 centimetres = 710 centimetres
    (2) Half of one half = one-third of three quarters
    (3) 2 kg 112 g = 2112 g
    (4) 3 L 60 mL = 360 mL

33. Number of minutes in 10 days is equal to the number of seconds in
    (1) 2 hours
    (2) 3 hours
    (3) 4 hours
    (4) 5 hours

31. दस हजार + दस इकाई + दस दहाई बराबर है :
    (1) 10110
    (2) 11010
    (3) 10011
    (4) 101010

32. निम्न में से कौन सा सत्य नहीं है ?
    (1) 7 मीटर 10 सेन्टीमीटर = 710 सेन्टीमीटर
    (2) एक आधे का आधा = तीन चौथाई का एक तिहाई
    (3) 2 kg 112 g = 2112 g
    (4) 3 L 60 mL = 360 mL

33. 10 दिनों में मिनटों की संख्या बराबर है निम्न घंटों में सेकंडों की संख्या के
    (1) 2 घंटे
    (2) 3 घंटे
    (3) 4 घंटे
    (4) 5 घंटे

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

34. Perimeter of a square and a rectangle are equal. If the perimeter of the square is 40 cm and length of rectangle is 2 cm more than the side of the square, then the area, in square cm, of the rectangle is

(1) 48
(2) 72
(3) 96
(4) 100

35. Sania bought a battery. She read on it "Life : 4200 hours". She uses it throughout day and night. How many weeks will the battery run ?

(1) 28
(2) 25
(3) 24
(4) 21

36. Internal length, breadth and height of a rectangular box are 15 cm, 9 cm and 10 cm respectively. How many such boxes are needed to pack 6750 centimetre cubes ?

(1) 6
(2) 5
(3) 4
(4) 3

34. एक वर्ग व एक आयत के परिमाप बराबर हैं । यदि वर्ग का परिमाप 40 सेमी तथा आयत की लंबाई वर्ग की भुजा से 2 सेमी अधिक हो, तो आयत का क्षेत्रफल, वर्ग सेमी में, है

(1) 48
(2) 72
(3) 96
(4) 100

35. सानिया ने एक बैटरी खरीदी जिस पर उसने पढ़ा "जीवनकाल : 4200 घंटे" । वह उसे दिन-रात प्रयोग करती है । बैटरी कुल कितने सप्ताह चलेगी ?

(1) 28
(2) 25
(3) 24
(4) 21

36. किसी आयताकार बक्से की आंतरिक लंबाई, चौड़ाई और ऊँचाई क्रमशः 15 सेमी 9 सेमी और 10 सेमी है । 6750 सेन्टीमीटर घनों को पैक करने के लिए ऐसे कितने बक्सों की आवश्यकता है ?

(1) 6
(2) 5
(3) 4
(4) 3

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

**37.** The weight of 18 *gulabjamun* is one kilogram. If 16 *gulabjamun* can be packed in one box, then the number of boxes needed to pack 40 kg *gulabjamun* is

(1) 40

(2) 42

(3) 45

(4) 48

**38.** In a hockey match between School A and School B, School A scored 11 goals and School B scored 3 goals. What fraction of the total goals did School A score ?

(1) $\frac{3}{14}$

(2) $\frac{8}{11}$

(3) $\frac{11}{14}$

(4) $\frac{11}{3}$

**39.** Number of degrees in five and two-third of a right angle is

(1) 510

(2) 490

(3) 486

(4) 480

**37.** 18 गुलाबजामुन का भार एक किलोग्राम है । यदि एक डिब्बे में 16 गुलाबजामुन पैक हो सकते हों, तो 40 किग्रा गुलाबजामुनों को पैक करने के लिए आवश्यक डिब्बों की संख्या होगी

(1) 40

(2) 42

(3) 45

(4) 48

**38.** विद्यालय A और विद्यालय B के बीच खेले गए हॉकी मैच में, विद्यालय A ने 11 गोल तथा विद्यालय B ने 3 गोल प्राप्त किए । कुल गोलों का कितना भिन्न (भाग) विद्यालय A ने प्राप्त किया ?

(1) $\frac{3}{14}$

(2) $\frac{8}{11}$

(3) $\frac{11}{14}$

(4) $\frac{11}{3}$

**39.** पाँच और दो-तिहाई समकोण में डिग्रियों की संख्या है

(1) 510

(2) 490

(3) 486

(4) 480

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

40. Rohan of Class II can do the skip counting correctly. In which developmental phase of number is he ?

(1) Emergent phase

(2) Matching phase

(3) Quantifying phase

(4) Partitioning phase

41. A Class IV Maths Test has a question "Convert the fraction $\frac{5}{6}$ into decimal." The question aims to test the students'

(1) knowledge of decimal facts.

(2) understanding of concepts of fraction and decimal.

(3) procedural skill of converting fraction into decimal.

(4) skill of exploring the decimal equivalent of given fraction by drawing paper grid of $10 \times 10$.

40. कक्षा II का रोहण सही तरीके से कटना गिनती कर सकता है । वह संख्या के किस विकासात्मक स्तर पर है ?

(1) प्रारंभिक स्तर

(2) मिलान स्तर

(3) परिमाणात्मक स्तर

(4) विभाजनात्मक स्तर

41. कक्षा IV की गणित परीक्षा में सवाल है – "भिन्न $\frac{5}{6}$ को दशमलव में रूपांतरित कीजिए ।" इस प्रश्न का उद्देश्य शिक्षार्थियों के/की _______ की जाँच करना है ।

(1) दशमलव तथ्यों के ज्ञान ।

(2) भिन्न और दशमलव की संकल्पना की समझ ।

(3) भिन्न को दशमलव में रूपांतरित करने की प्रक्रियागत कुशलता ।

(4) $10 \times 10$ के पेपर ग्रिड का रेखांकन करते हुए दिए हुए भिन्न के दशमलव तुल्य खोजने संबंधी कुशलता ।

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

42. It is observed that children use various methods of problem-solving strategies like

(a) Counting

(b) Direct Modelling

(c) Number facts

Sequence from which children pass through while developing problem solving strategies is

(1) (a) → (b) → (c)

(2) (b) → (c) → (a)

(3) (c) → (a) → (b)

(4) (b) → (a) → (c)

43. Number sense in the primary school is always accompanied with developing operation sense. Which of the following statement cannot be referred as component of operation sense ?

(1) Determining the operation to be used in given situation.

(2) Recognizing that the same operation can be applied in different problem situations.

(3) Realizing the operations' effect on numbers.

(4) Comparing the numbers and quantities.

42. यह देखा गया है कि बच्चे समस्या-समाधान-रणनीतियों की विविध विधियों का प्रयोग करते हैं, जैसे

(a) गिनती करना

(b) प्रत्यक्ष मॉडलिंग

(c) संख्या तथ्य

समस्या-समाधान-रणनीतियों का विकास करते समय बच्चे _____ क्रम से गुज़रते हैं ।

(1) (a) → (b) → (c)

(2) (b) → (c) → (a)

(3) (c) → (a) → (b)

(4) (b) → (a) → (c)

43. प्राथमिक विद्यालय में संख्याओं की समझ सदा संक्रिया-बोध के विकास के साथ होती है । इनमें से किस कथन को संक्रिया-बोध के अवयव के रूप में नहीं बताया जा सकता ?

(1) दी गई स्थिति में प्रयुक्त की जाने वाली संक्रिया को निर्धारित करना ।


(2) यह समझना कि समान संक्रिया को भिन्न समस्या स्थिति में उपयोग में लाया जा सकता है ।

(3) संख्याओं पर संक्रियाओं के प्रभाव को जानना ।

(4) संख्याओं और परिमाणों की तुलना करना ।

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

**44.** Mr. Jain draws the following figure on the blackboard :




Wall

Then he posed a problem to the students "If $\frac{1}{2}$ lt. paint is required to paint $\frac{1}{8}$ of a wall, how much paint would be required to paint complete wall ?"

Mr. Jain wants to expose the students to problems based on


(1) product of fractions.

(2) division of whole number by a fraction.

(3) division of fraction by a fraction.

(4) fraction divided by a whole number.

**44.** श्री जैन ब्लैक बोर्ड पर निम्नलिखित आरेख खींचते हैं :




दीवार

इसके बाद वे शिक्षार्थियों के समक्ष एक समस्या प्रस्तुत करते हैं – "यदि दीवार के $\frac{1}{8}$ को रंगने के लिए $\frac{1}{2}$ लीटर पेंट की ज़रूरत होती है, तो पूरी दीवार को रंगने के लिए कितना पेंट चाहिए होगा ?"

श्री जैन ________ पर आधारित समस्या को शिक्षार्थियों के समक्ष प्रतिपादित करना चाहते हैं ।

(1) भिन्न का गुणनफल ।

(2) पूर्ण संख्या को भिन्न से विभाजित करना ।

(3) भिन्न को भिन्न से विभाजित करना ।

(4) भिन्न को पूर्ण संख्या से विभाजित करना ।

**45.** A child studying in Class IV exhibits difficulty in sorting, recognizing patterns, orientating numbers and shapes, telling time, measuring etc. The child may be

(1) suffering from dyslexia
(2) suffering from dyscalculia
(3) suffering from dysgraphia
(4) suffering from attention deficit disorder

**46.** A teacher introduced the concept of perimeter in Class V. She used lots of geometrical cut-outs and asked the children to measure all around. To assess the understanding of concept she asked the following question :

Ravi is running on footpath of a square shaped park of length 10 metres. How much distance Ravi covered in one round ?

Children were not able to respond to this question. The reason may be

(1) children have not understood at all the concept of perimeter.
(2) there is gap in instructional objective and assessment objective.
(3) children were not able to understand the language of question.
(4) children of Class V are too young to understand this type of problem.

**45.** कक्षा IV में पढ़ने वाला एक बच्चे को छाँटने, पैटर्न्स को पहचानने, संख्याओं और आकृतियों के उन्मुखीकरण, समय बताने, मापने आदि में कठिनाई होती है । वह बच्चा संभवत:

(1) डिस्लेक्सिया से ग्रसित हो ।
(2) डिस्केलकुलिया से ग्रसित हो ।
(3) डिस्ग्राफिया से ग्रसित हो ।
(4) अवधान में कमी वाले विकार से ग्रसित हो ।

**46.** एक शिक्षक कक्षा V में परिमाप की संकल्पना का परिचय देती है । वह बहुत सारे ज्यामितीय कट-आउट्स का प्रयोग करती है और बच्चों से अपने आस-पास की चीजों का मापन करने के लिए कहती है । वह संकल्पना की समझ का आकलन करने के लिए निम्नलिखित प्रश्न पूछती है –

रवि 10 मीटर लंबाई वाले वर्गाकार पार्क के फुटपाथ पर दौड़ रहा है । रवि ने एक चक्कर में कितनी दूरी तय की ?

बच्चे इस प्रश्न का उत्तर नहीं दे पाए । इसका यह कारण हो सकता है कि

(1) बच्चों को परिमाप की संकल्पना बिलकुल भी समझ न आई हो ।
(2) अनुदेशनात्मक उद्देश्य और आकलन के उद्देश्य में अंतर है ।
(3) बच्चों को प्रश्न की भाषा समझ नहीं आई ।
(4) कक्षा V के बच्चे इस प्रकार की समस्या को समझने के लिहाज से बहुत छोटे हैं ।

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

47. Students struggle with estimation as

(1) they are not able to measure accurately.

(2) they are not able to differentiate between two units.

(3) they are not having much experience with different units.

(4) they are not skilled enough to use ruler.

47. बच्चों को अनुमान लगाने में काफी संघर्ष करना पड़ता है, क्योंकि

(1) वे परिशुद्धता के साथ मापने योग्य नहीं होते ।

(2) वे दो इकाइयों के बीच अंतर करने योग्य नहीं होते ।

(3) उन्हें विभिन्न इकाइयों का अधिक अनुभव नहीं होता ।

(4) उनमें पटरी (ruler) इस्तेमाल करने की पर्याप्त कुशलता नहीं होती ।

48. Teacher conducted an oral assessment in class and found that Harish can speak definition of all type of numbers – odd, even, prime and composite accurately but not able to identify the numbers accurately, when given a set of numbers. Teacher reports that Harish

(1) has good memory, but lacks practice.

(2) has good memory, but lacks concentration.

(3) has good memory, but lacks conceptual understanding.

(4) has good memory, but lacks analytical ability.

48. शिक्षक कक्षा में मौखिक आकलन का आयोजन करता है और पाता है कि हरीश सभी तरह की संख्याओं – विषम, सम, अभाज्य और भाज्य की परिभाषा को बता सकता है लेकिन जब उसे संख्याओं का सेट दिया जाता है तो वह उनकी सही पहचान नहीं कर सकता । शिक्षक बताता है कि

(1) हरीश की स्मरण शक्ति अच्छी है लेकिन अभ्यास का अभाव है ।

(2) हरीश की स्मरण शक्ति अच्छी है लेकिन एकाग्रता का अभाव है ।

(3) हरीश की स्मरण शक्ति अच्छी है लेकिन संकल्पनात्मक समझ का अभाव है ।

(4) हरीश की स्मरण शक्ति अच्छी है लेकिन विश्लेषणात्मक योग्यता का अभाव है ।

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

49. Rubrics of assessment to check the concept of shapes in Class II, shall be

(1) can draw shapes accurately, knows the number of sides in each polygon.

(2) can draw shapes accurately and can name them correctly.

(3) can draw the right shape, can sort out the shape, can tell its number of sides, edges and vertices accurately.

(4) can tell the name of given shape, differentiate between a circle and a polygon, can identify its parallel or non-parallel sides.

50. Major aspect of inquiry based lesson plan is

(1) Exposition

(2) Exploratory tasks

(3) Extended learning tasks

(4) Cross-curricular integration

49. कक्षा II में आकृतियों की संकल्पनाओं की जाँच करने के लिए आकलन के शीर्षक/मुख्य पंक्तियाँ होंगी

(1) परिशुद्धता के साथ आकृतियों का रेखांकन कर सकता है, प्रत्येक बहुभुज में भुजाओं की संख्या जानता है ।

(2) परिशुद्धता के साथ आकृतियों का रेखांकन कर सकता है और उन्हें सही नाम दे सकता है ।

(3) सही आकृति का रेखांकन कर सकता है, आकृति को छाँट सकता है, उसकी भुजाओं, किनारों और शीर्षों को परिशुद्धता से बता सकता है ।

(4) दी गई आकृति का नाम बता सकता है, एक वृत्त और बहुभुज में अंतर कर सकता है, उसकी समानान्तर और असमानान्तर भुजाओं की पहचान कर सकता है ।

50. परिपृच्छा-आधारित-पाठ-योजना का मुख्य पाठ है

(1) व्याख्या

(2) खोजपरक कार्य

(3) विस्तारित अधिगम कार्य

(4) संपूर्ण पाठ्यचर्चा-एकीकरण

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

51. Following ICT tool can be effectively used for exploratory tasks in geometry class

(1) Geo-gebra software

(2) Calculator

(3) Video links

(4) Cartoon strip software

52. 'Algebra Tiles' are used to teach

(1) Factorisation of quadratic expressions

(2) Exponents

(3) Square roots and cube roots

(4) Graphing of linear equation

51. नीचे दिए गए सूचना और संचार तकनीकी (ICT) उपकरणों का ज्यामिति की कक्षा में खोजपरक कार्यों के लिए प्रभावी रूप से प्रयोग किया जा सकता है

(1) जियो-जेबरा सोफ्टवेयर

(2) कैलकुलेटर

(3) वीडियो लिंक्स

(4) कार्टून स्ट्रिप सॉफ्टवेयर

52. 'बीजगणितीय टाइल्स' (Algebra Tiles) ________ को पढ़ाने के लिए प्रयोग की जाती हैं।

(1) द्विघातीय व्यंजक का गुणनखण्डन

(2) घातांक


(3) वर्गमूल और घनमूल

(4) रेखीय समीकरण का आलेख

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

**53.** Teacher gave following sorting activity in class :

Classify the following triangles according to their angles :




This sorting activity is

(1) closed ended task


(2) open ended task

(3) creative task

(4) reflective task

**53.** शिक्षक कक्षा में निम्नलिखित छाँटने संबंधी गतिविधि देती है :

निम्नलिखित त्रिभुजों को उनके कोणों के आधार पर वर्गीकृत कीजिए :




यह छाँटने संबंधी गतिविधि है

(1) बंद-अंत कार्य


(2) मुक्त-अंत कार्य

(3) सृजनात्मक कार्य

(4) मननशील कार्य

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

54. To remove the error committed by students in writing $(x + y)^2 = x^2 + y^2$ instead of $(x + y)^2 = x^2 + y^2 + 2xy$, a teacher used the algebra tiles followed by square completion worksheet :




Teacher is perceiving that error is due to


(1) reading disability

(2) writing disability

(3) poor concept formation

(4) psycho-motor disability

54. $(x + y)^2 = x^2 + y^2 + 2xy$ के स्थान पर $(x + y)^2 = x^2 + y^2$ लिखने संबंधी शिक्षार्थियों द्वारा की गई त्रुटि को समाप्त करने के लिए एक शिक्षक बीजगणित टाइल्स का प्रयोग करता है और उसके बाद वर्ग पूरे करने संबंधी कार्यपत्रक देता है :




शिक्षक यह सोचता है कि यह त्रुटि ______ के कारण है ।

(1) पठन निर्योग्यता

(2) लेखन निर्योग्यता

(3) खराब संकल्पना निर्माण

(4) मनोगतिक निर्योग्यता

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

55. What should be subtracted from the product $101 \times 101$ to get 10101 ?

(1) 102

(2) 101

(3) 100

(4) 99

56. The number of factors of 18 is

(1) 4

(2) 5

(3) 6

(4) 7

57. The sum of place values of 4 in 6403 and 3640 is

(1) 8

(2) 404

(3) 443

(4) 440

55. गुणनफलन $101 \times 101$ में से क्या घटाया जाए जिससे कि 10101 प्राप्त हो ?

(1) 102

(2) 101

(3) 100

(4) 99

56. 18 के गुणनखण्डों की संख्या है

(1) 4

(2) 5

(3) 6

(4) 7

57. 6403 और 3640 में 4 के स्थानीय मानों का योग है

(1) 8

(2) 404

(3) 443

(4) 440

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

58. (Smallest common multiple of 6, 9, 12) – (Smallest common multiple of 4, 6, 8) is equal to

(1) 6

(2) 12

(3) 18

(4) 24

59. How many $\frac{1}{10}$ are there in $\frac{3}{5}$ ?

(1) 8

(2) 6

(3) 4

(4) 2

60. When 71777 is divided by 7, the remainder is

(1) 1

(2) 3

(3) 5

(4) 6

58. (6, 9, 12 का न्यूनतम सार्व गुणज़) – (4, 6, 8 का न्यूनतम सार्व गुणज़) बराबर है

(1) 6

(2) 12

(3) 18

(4) 24

59. $\frac{3}{5}$ में $\frac{1}{10}$ कितने हैं ?

(1) 8

(2) 6

(3) 4

(4) 2

60. संख्या 71777 को 7 से भाग देने पर शेषफल है

(1) 1

(2) 3

(3) 5

(4) 6

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

## PART – III/भाग – III
## ENVIRONMENTAL STUDIES / पर्यावरण अध्ययन

61. Select the true characteristics of tigers.
   (A) The ears of a tiger can move in different directions to catch the sounds from all around.
   (B) A tiger cannot see at all at night.
   (C) A tiger makes different sounds for different purposes.
   (D) The roar of a tiger can be heard only upto 500 metres.
   (1) A, C, D
   (2) A, C
   (3) B, C
   (4) A, B, D

62. In our country there is a law on child marriage. This law has strictly fixed the minimum age of marriage which is
   (1) 18 years for girls and 21 years for boys
   (2) 18 years for both
   (3) 21 years for both
   (4) 16 years for girls and 19 years for boys

63. Pitcher plant (Nepenthese) is a special kind of plants which trap and eat frogs, insects and even mice. This plant has a special smell that attracts these organisms. In our country this plant is found in
   (1) Manipur
   (2) Mizoram
   (3) Assam
   (4) Meghalaya

61. बाघों की सही विशिष्टताएँ चुनिए :
   (A) बाघ के कान सभी आवाज़ों को ग्रहण करने के लिए विभिन्न दिशाओं में घूम जाते हैं ।
   (B) बाघ रात्रि के समय बिल्कुल भी नहीं देख पाता है ।
   (C) बाघ मौके के अनुसार विभिन्न प्रकार की आवाज़ पैदा करता है ।
   (D) बाघ के गुर्राने की आवाज़ केवल 500 मीटर तक सुनाई दे सकती है ।
   (1) A, C, D
   (2) A, C
   (3) B, C
   (4) A, B, D

62. हमारे देश में बाल विवाह से संबंधित एक कानून है । इस नियम के अनुसार विवाह की कम से कम आयु कठोर रूप से निश्चित कर दी गई है, जो है
   (1) लड़की के लिए 18 तथा लड़के के लिए 21 वर्ष
   (2) लड़की-लड़के दोनों के लिए 18 वर्ष
   (3) लड़की-लड़के दोनों के लिए 21 वर्ष
   (4) लड़की के लिए 16 तथा लड़के के लिए 19 वर्ष

63. घटपर्णी (नीपेन्थिस) पादपों का एक ऐसा विशिष्ट प्रकार है, जो चूहों, मेंढकों और कीड़ों मकौड़ों का शिकार करते हैं । इस पादप से एक विशेष गंध निकलती है जो इन जीवों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं । हमारे देश में यह पादप पाया जाता है
   (1) मणिपुर में
   (2) मिज़ोरम में
   (3) असम में
   (4) मेघालय में

64. Select from the following a list of animals which live in our houses.

(1) Spider, rat, cockroach, lizard
(2) Spider, lizard, cockroach, pigeon
(3) Cockroach, ant, rat, bat
(4) Rat, spider, lizard, squirrel

65. Select a group containing products obtained from petroleum.

(1) Petrol, diesel, biogas
(2) Wax, coal tar, grease
(3) Petrol, kerosene, charcoal
(4) L.P.G., petrol, biogas

66. A portion of railway time table for the route of an express train is given below :

| S. No. | Station Name | Arrival Time | Departure Time | Distance k.m. | Day |
|---|---|---|---|---|---|
| 5 | Valsad | 17.23 | 17.25 | 598 | 1 |
| 6 | Bhiwandi Road | 21.10 | 21.20 | 772 | 1 |
| 7 | Madgaon | 7.35 | 7.45 | 1509 | 2 |

As per above information the distance between Bhiwandi Road and Madgaon and the time taken to cover this distance by the express train respectively are

(1) 1509 km; 10 hours 30 minutes
(2) 1509 km; 10 hours 25 minutes
(3) 911 km; 10 hours 20 minutes
(4) 911 km; 10 hours 15 minutes

64. निम्नलिखित में से जानवरों की वह सूची चुनिए जो हमारे घरों में रहते हैं :

(1) मकड़ी, चूहा, कॉकरोच, छिपकली
(2) मकड़ी, छिपकली, कॉकरोच, कबूतर
(3) कॉकरोच, चींटी, चूहा, चमगादड़
(4) चूहा, मकड़ी, छिपकली, गिलहरी

65. पेट्रोलियम से प्राप्त उत्पादों के समूह को चुनिए :

(1) पेट्रोल, डीज़ल, बायोगैस
(2) मोम, कोलटार, ग्रीस
(3) पेट्रोल, केरोसिन, चारकोल
(4) एल.पी.जी., पेट्रोल, बायोगैस

66. नीचे किसी एक्सप्रेस ट्रेन के टाइम-टेबल का कुछ अंश दिया गया है :

| क्रम. संख्या | स्टेशन का नाम | पहुँचने का समय | स्टेशन छोड़ने का समय | दूरी (km) | दिन |
|---|---|---|---|---|---|
| 5 | वलसाड | 17.23 | 17.25 | 598 | 1 |
| 6 | भिवंडी रोड | 21.10 | 21.20 | 772 | 1 |
| 7 | मडगाँव | 7.35 | 7.45 | 1509 | 2 |

उपरोक्त सूचना के आधार पर भिवंडी रोड और मडगाँव के बीच की दूरी तथा एक्सप्रेस ट्रेन द्वारा दूरी को तय करने में लगा समय क्रमशः हैं

(1) 1509 किमी; 10 घण्टे 30 मिनट
(2) 1509 किमी; 10 घण्टे 25 मिनट
(3) 911 किमी; 10 घण्टे 20 मिनट
(4) 911 किमी; 10 घण्टे 15 मिनट

67. Most rice grows in Kalahandi district. This district is a part of

(1) West Bengal

(2) Orissa

(3) Jammu and Kashmir

(4) Andhra Pradesh

68. King Ghadsi of Jaisalmer got a lake Ghadsisar made 650 years ago. It was spread over many kilometres and made in such a way that the water collected in rainy season could be used throughout the year. Ghadsisar is no more in use but its structure can be seen in

(1) Haryana

(2) Gujarat

(3) Rajasthan

(4) Madhya Pradesh

69. After break while teaching EVS, if students are not taking interest what will you do ?

(1) Take the children to playground.

(2) Change the topic immediately.

(3) Change their seats and put their head down on desk.

(4) Use audio-visual aids

67. कालाहांडी जिले में सबसे अधिक चावल पैदा किया जाता है । यह जिला भारत के किस भाग का है ?

(1) पश्चिमी बंगाल

(2) ओडिशा

(3) जम्मू व कश्मीर

(4) आंध्र प्रदेश

68. जैसलमेर के राजा घड़सी ने 650 वर्ष पूर्व घडसीसर नामक तालाब बनवाया । यह कई किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ था तथा इसे इस प्रकार बनाया गया था कि वर्षा का एकत्रित जल पूर्ण वर्ष तक उपयोग किया जा सकता था । घडसीसर आजकल उपयोग नहीं किया जा रहा है परन्तु इस संरचना को देखा जा सकता है

(1) हरियाणा में

(2) गुजरात में

(3) राजस्थान में

(4) मध्यप्रदेश में

69. अवकाश के बाद पर्यावरण अध्ययन पढ़ाते समय यदि शिक्षार्थी रुचि नहीं ले रहे तो आप क्या करेंगे ?

(1) बच्चों को खेल के मैदान में ले जाएँगे ।

(2) प्रकरण को तुरंत बदल देंगे ।

(3) उनकी सीट बदल देंगे और उनके सिर को डेस्क पर नीचे करवा देंगे ।

(4) दृश्य-श्रव्य सामग्री का प्रयोग करेंगे ।

70. At primary stage assessment should consist of

(1) half-yearly and annual examination

(2) weekly home and class assignments

(3) continuous and unstructured teacher observations to be shared with learners and parents.

(4) formal tests and games done every week.

71. The skills required to read a map includes

(1) excellent communication skills to draw out the expressive ability

(2) ability to understand relative position of places, distances and directions.

(3) excellent drawing and painting skills.

(4) ability to use calculations and sketch positions.

72. Which of the following is considered a motivated EVS class ?

(1) Maximum attendance in the class.

(2) Remedial work given by the teacher.

(3) Questioning, experimenting and brain storming done in the class.

(4) Pin drop silence in the class.

70. प्राथमिक स्तर पर आकलन में होना चाहिए

(1) अर्द्ध वार्षिक एवं वर्ष के अंत में वार्षिक परीक्षा

(2) साप्ताहिक गृह एवं कक्षा अधिन्यास

(3) शिक्षार्थियों एवं अभिभावकों के साथ बाँटे जाने वाले शिक्षक के सतत और असंरचित अवलोकन

(4) प्रत्येक सप्ताह में किए गए औपचारिक परीक्षण और खेल

71. मानचित्र को पढ़ने के लिए वांछनीय कौशलों में शामिल है

(1) अभिव्यक्तात्मक योग्यता को प्रदर्शित करने के लिए बेहतरीन संप्रेषण कौशल

(2) स्थान, दूरी एवं दिशाओं की सापेक्ष दूरी समझने की योग्यता

(3) बेहतरीन ड्राइंग और पेंटिंग कुशलताएँ

(4) गणना एवं स्कैच स्थिति का प्रयोग करने की योग्यता

72. निम्नलिखित में से किसे अभिप्रेरित पर्यावरण अध्ययन की कक्षा माना जाता है ?

(1) कक्षा में अधिकतम उपस्थिति

(2) शिक्षक द्वारा दिया गया उपचारात्मक कार्य

(3) कक्षा में किया जाने वाला प्रश्नोत्तर, परीक्षण और ब्रेन स्टोर्मिंग (मस्तिष्क आलोड़न)

(4) कक्षा में अत्यंत खामोशी

73. After being taught about the diversity of animals in India the students of primary class were taken to zoo by a school. This would help the students

(1) to co-relate classroom learning to real life situations.

(2) to develop respect for animals.

(3) to develop skills for environment and animal protection.

(4) have fun and for recreation.

74. Student of fifth grade with visual deficiency should be

(1) excused to do a high level work.

(2) helped with his/her routine-work by parents and friends.

(3) treated normally in the classroom and provided strong support through Audio CDs.

(4) Given special treatment in the class.

73. भारत में जीवों की विविधता के बारे में पढ़ाने के बाद प्राथमिक कक्षाओं के शिक्षार्थियों को स्कूल द्वारा चिड़ियाघर ले जाया जाता है । यह ______ में शिक्षार्थियों की सहायता करेगा ।

(1) कक्षा-कक्षीय अधिगम को वास्तविक जीवन स्थितियों के साथ जोड़ने

(2) जीवों के प्रति सम्मान विकसित करने

(3) पर्यावरणीय एवं जीव-संरक्षण हेतु कुशलताएँ विकसित करने

(4) मज़े और मनोरंजन करने

74. चाक्षुष बाधिता वाले कक्षा पाँच के शिक्षार्थी को

(1) उच्च स्तर के कार्य करने में उसे छोड़ देना चाहिए ।

(2) दैनिक कार्यों को करने में अभिभावक और शिक्षक द्वारा उसकी सहायता की जानी चाहिए ।

(3) कक्षा-कक्ष में सामान्य रूप से व्यवहार करना चाहिए और श्रव्य सी.डी. के माध्यम से सशक्त सहायता उपलब्ध कराना चाहिए ।

(4) कक्षा में विशेष उपचार देना चाहिए ।

75. Learning can be enriched if

(1) situations from the real world are brought into the class in which students interact with each other and teacher facilitates.

(2) more and more teaching aids are used in the class.

(3) teachers use different types of lectures and explanations.

(4) due attention is paid to periodic tests in the class.

75. सीखना संवर्द्धित हो सकता है, यदि

(1) कक्षा में वास्तविक संसार की स्थितियों को लाया जाए जिसमें शिक्षार्थी एक-दूसरे के साथ अंत:क्रिया करते हैं और शिक्षक उसे सुगम बनाता है ।

(2) कक्षा में शिक्षण सामग्री का अधिक से अधिक प्रयोग किया जाता है ।

(3) शिक्षक विभिन्न प्रकार के व्याख्यानों और स्पष्टीकरणों का प्रयोग करते हैं ।

(4) कक्षा में आवधिक परीक्षणों पर अपेक्षित ध्यान जाता है ।

76. Kritika who does not talk much at home, talks a lot at school. She actively takes part in discussions in the class room. It shows that

(1) a school is the place where her thoughts gets acknowledged.

(2) teachers demand that children should talk a lot at school.

(3) she does not like her home at all.

(4) the school is not able to maintain discipline in Kritika's class

76. कृतिका जो घर में अधिक बात नहीं करती, वह विद्यालय में बहुत बोलती है । वह कक्षा-कक्ष में चर्चाओं में सक्रिय रूप से हिस्सा लेती है । यह प्रदर्शित करता है कि

(1) विद्यालय एक ऐसा स्थान है जहाँ उसके विचारों को सम्मान मिलता है ।

(2) शिक्षक यह माँग करता है कि बच्चों को विद्यालय में अधिक बोलना चाहिए ।

(3) वह अपना घर बिल्कुल पसंद नहीं करती ।

(4) विद्यालय कृतिका की कक्षा में अनुशासन रखने में असफल है ।

77. Which of the following factors is not considered the sign of 'being gifted' ?

(1) Having creative ideas

(2) Novelty in expressions

(3) Curiosity

(4) Memorize a lot of material quickly

77. निम्नलिखित में से कौन सा 'प्रतिभाशाली' होने का संकेत नहीं माना जाता ?

(1) सृजनात्मक विचार होना

(2) अभिव्यक्ति में नवीनता

(3) जिज्ञासा

(4) बहुत सी सामग्री शीघ्रता से याद कर लेना

78. Education of children with special needs should be provided

(1) along with normal children.

(2) in special schools in presence of parents.

(3) by general teachers in special school.

(4) by special teachers in special schools.

78. विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को शिक्षा उपलब्ध करानी चाहिए

(1) सामान्य बच्चों के साथ

(2) विशेष विद्यालयों में माता-पिता की उपस्थिति में

(3) विशेष विद्यालयों में सामान्य शिक्षकों द्वारा

(4) विशेष विद्यालयों में विशेष शिक्षकों द्वारा

79. A child in a class responds to new situations on the basis of the response made by him/her in a similar situation as in the past. This is related to

(1) 'Law of Analogy' of learning

(2) 'Law of Effect' of learning

(3) 'Law of Attitude' of learning process

(4) 'Law of Readiness' of learning

79. कक्षा में एक बच्चा अपने अतीत की समान स्थितियों में की गई प्रतिक्रिया के आधार पर नई स्थितियों के प्रति प्रतिक्रिया करता है । यह ________ से संबंधित है ।

(1) सीखने का 'सादृश्यता का नियम'

(2) सीखने का 'प्रभाव का नियम'

(3) सीखने की प्रक्रिया का 'अभिवृत्ति का नियम'

(4) सीखने का 'तत्परता का नियम'

80. A teacher can identify a stressed child when the child shows the following behaviour :

(1) Aggressive behaviour

(2) Mistakes in learning

(3) Excessive talking

(4) Hyperactivity

80. जब एक बच्चा निम्नलिखित व्यवहार प्रदर्शित करता है तो शिक्षक तनावग्रस्त बच्चे की पहचान कर सकता है :

(1) आक्रामक व्यवहार

(2) सीखने में त्रुटियाँ

(3) अत्यधिक बोलना

(4) अतिक्रियाशीलता

81. In a class about five students are not doing well in EVS. Which of the following strategy should a teacher apply to help them understand the subject and develop interest in it ?

(1) Make them sit in the first row and supervise their work constantly.

(2) Ensure that they attend the school regularly.

(3) Give them additional assignments to do at home.

(4) Make them do hands on activities and small activities or experiments on their own to understand the concept better.

82. Motivation, in the process of learning

(1) sharpens the memory of learners

(2) differentiates new learning from old learning

(3) makes learners think unidirectionally

(4) creates interest for learning among young learners

83. Which one of the following would be the most suitable pedagogical method for an EVS class ?

(1) Based only on experiments

(2) Based only on lecturers

(3) Examination oriented

(4) Participative and discussion based

81. कक्षा में लगभग पाँच शिक्षार्थी पर्यावरण अध्ययन की कक्षा में अच्छा कार्य नहीं करते । शिक्षक को निम्नलिखित में से किस रणनीति का अनुगमन करना चाहिए ताकि वह विषय को समझने और उसमें रुचि लेने में उनकी सहायता कर सके ?

(1) उन्हें कक्षा में पहली पंक्ति में बैठाना और उनके कार्य का लगातार पर्यवेक्षण करना ।

(2) यह सुनिश्चित करना कि वे नियमित रूप से विद्यालय आएँ ।

(3) उन्हें घर पर करने के लिए अतिरिक्त अधिन्यास देना ।

(4) संकल्पनाओं को बेहतर रूप में समझने के लिए उन्हें स्वयं छोटी-छोटी गतिविधियाँ अथवा प्रयोग एवं हाथ से की जाने वाली गतिविधियाँ करने देना ।

82. सीखने की प्रक्रिया में 'अभिप्रेरणा'

(1) शिक्षार्थियों की स्मृति को पैना करता है ।

(2) नए अधिगम को पूर्व अधिगम से अलग करता है ।

(3) शिक्षार्थियों को एक दिशा में चिंतन करने योग्य बनाता है ।

(4) छोटे शिक्षार्थियों में सीखने के लिए रुचि पैदा करता है ।

83. एक पर्यावरण अध्ययन की कक्षा के लिए सर्वाधिक उपयुक्त शिक्षाशास्त्रीय पद्धति होनी चाहिए

(1) केवल प्रयोगों पर आधारित

(2) केवल व्याख्यानों पर आधारित

(3) परीक्षा-उन्मुखी

(4) भागीदारितापरक एवं चर्चा-उन्मुखी

**84.** Which among the following can find his female from many kilometers away by her smell ?

(1) Ants

(2) Mosquitoes

(3) Silkworms

(4) Honeybees

**85.** Study each set of terms and identify the odd set.

(1) Goat, milk, meat

(2) Hen, meat, egg

(3) Cow, milk, butter

(4) Plants, vegetable, buttermilk

**86.** On the map of India, with regard to Delhi the directions of Jharkhand and Rajasthan respectively are

(1) East, West

(2) East, South

(3) West, East

(4) West, South

**87.** Select the correct statement about honeybees.

(1) Queen bee does not lay eggs.

(2) In a hive there are more males than the females.

(3) The worker-bees work all the day.

(4) The main role in the hive as a worker is performed by the male bees.

**84.** निम्नलिखित में से उसे चुनिए जो अपनी मादा की पहचान उसकी गंध से कई किलोमीटर दूर से ही कर लेता है ?

(1) चींटी

(2) मच्छर

(3) रेशम का कीड़ा

(4) मधुमक्खी

**85.** प्रत्येक समुच्चय के पदों का अध्ययन कीजिए और विषम (बेमेल) समुच्चय को पहचानिए ।

(1) बकरी, दूध, माँस

(2) मुर्गी, माँस, अण्डा

(3) गाय, दूध, मक्खन

(4) पौधा, वनस्पति, छांछ

**86.** भारत के नक्शे में दिल्ली के संदर्भ में झारखण्ड और राजस्थान क्रमश: किस दिशा में आते हैं ?

(1) पूर्व, पश्चिम

(2) पूर्व, दक्षिण

(3) पश्चिम, पूर्व

(4) पश्चिम, दक्षिण

**87.** मधुमक्खियों के संदर्भ में सही कथन चुनिए :

(1) रानी मक्खी अण्डे नहीं देती है ।

(2) किसी छत्ते में मादाओं की अपेक्षा नर अधिक होते हैं ।

(3) काम करने वाली मक्खियाँ दिन भर काम करती हैं ।

(4) छत्ते में मुख्य कार्य नर मक्खियों द्वारा किया जाता है ।

88. The demand of cabbage and pea for food is increasing day-by-day in our country. These two came to our country from

(1) Europe

(2) South Africa

(3) South America

(4) Egypt

89. Select the one which is different from others.

(1) Petrol

(2) Diesel

(3) L.P.G.

(4) Coal

90. Today most of us cannot think of food without chillies. Chillies were brought by traders to our country from

(1) Afghanistan

(2) Egypt

(3) South America

(4) Indonesia

88. हमारे देश में भोजन के लिए बंदगोभी तथा मटर की माँग दिनों-दिन बढ़ती जा रही है । यह हमारे देश में किस देश से लाये गये थे ?

(1) यूरोप

(2) दक्षिणी अफ्रीका

(3) दक्षिणी अमेरिका

(4) मिस्र

89. उसे चुनिए जो दूसरों से भिन्न है :

(1) पेट्रोल

(2) डीज़ल

(3) एल.पी.जी.

(4) कोयला

90. आज हम मिर्च के बिना भोजन के बारे में सोच भी नहीं सकते । हमारे देश में व्यापारी मिर्च को जिस देश से लाए थे उसका नाम है

(1) अफ़गानिस्तान

(2) मिस्र

(3) दक्षिणी अमेरिका

(4) इण्डोनेशिया

Candidates should answer questions from the following Part only if they have opted for **ENGLISH** as **LANGUAGE – I.**

परीक्षार्थी निम्नलिखित भाग के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा – I** का विकल्प **अंग्रेज़ी** चुना हो ।

# PART – IV
## LANGUAGE – I
## ENGLISH

**Directions :** Read the given passage and answer the questions that follow (Q. No. **91** to **99**) by selecting the most appropriate option.

E-learning is sensational for a good reason. If done right, it can decrease costs and improve performance. Also, the e-learning course is available for others. This includes the static e-learning course as well as any ongoing conversations in networked communities. Producing learning content is time consuming. With e-learning, each time the course is accessed your return on investment improves because you are dividing the fixed production costs by the number of users. You also have savings through decreased travel, reduced material, and hopefully improved performance.

The course can be accessed anytime, anywhere, even without Internet access. Real learning requires some failure. E-learning lets you fail without fear. This encourages exploration and testing of ideas. With the right feedback, the combination of multimedia and instructional design with good practice activities can produce a very rich learning experience that is repeatable. E-learning allows you to create a standardized process and consistency in the delivery of content. Besides, it allows you a standardized process in a way that classroom learning doesn't.

**91.** A word from the article which means 'startling effect'

(1) rich

(2) multimedia

(3) sensational

(4) design

**92.** Fixed production costs here refer to the

(1) conduct of e-learning classes

(2) cost of developing special software

(3) not to spend on running e-learning classes

(4) the fee chargeable to the learner

**93.** E-learning lets you fail without fear because

(1) there is no feedback

(2) the assignments are very easy

(3) the activities are personalised

(4) the programmes allow for student improvement and repetition

**94.** In the given context, encouraging exploration results in

(1) access to a great deal of regulated information

(2) self motivated study and seeking of related information

(3) motivation to be influenced by all internet based information

(4) motivated to try out traditional and technology based study

**95.** A standardized process pertains to the
- (1) e-learning benefits are equally available to whoever wishes to use it
- (2) availability of the same content to all students
- (3) there is no compromise in the mode of delivery of lessons
- (4) a fixed cost of all e-learning programmes

**96.** Classroom learning
- (1) is not as individualized as e-learning programmes.
- (2) always acknowledges all levels of learning.
- (3) is where failure is avoided while e-learning disencourages it.
- (4) does not allow weaker students to express themselves.

**97.** A word which is the antonym of standardized
- (1) Assimilated
- (2) Differentiated
- (3) Systematized
- (4) Stereotyped

**98.** Ongoing conversations are
- (1) agreeing to reduce cost for the use of the software
- (2) integration of changes on a regular basis
- (3) taking into account public opinion or feedback
- (4) developing materials according to students needs based on feedback.

**99.** The return on investment would refer to
- (1) the need for more financial input.
- (2) profits got by sale of the programmes to organisations.
- (3) response of users from economically weaker sections.
- (4) benefits out weigh the cost of developing and running the programme.

**Directions :** Read the given poem and answer the questions that follow (Q. No. **100** to **105**) by selecting the most appropriate option.

**Mother Nature**

Our world is always changing,
Constantly re-arranging.
From ocean depths to mountain peaks,
Mother Nature moves and speaks.
While telling stories of our past
She tries to teach us how to last.
Mankind, so smart, sometimes blind
Leaves common sense far behind.
We're moving fast and living large,
Forgetting she's the one in charge.
Amazed when she rings our bell,
Sending us through living hell.
She can twist our steel, shake any city,
If her wrath you feel, we shall pity.
Yet some who speak on her behalf,
I fear just seek the golden calf.
It's true, we must treat her right.
Or we will incur a deadly plight.
Treat her with distinction
Or surely face extinction !

Edith A. Phinazee

**100.** 'If her wrath you feel'. Here 'wrath' means
- (1) Pleasure
- (2) Tolerance
- (3) Vengeance
- (4) Suffering

**101.** When she 'rings our bell' it is nature's way of
- (1) expressing her discontentment
- (2) warning mankind against his actions
- (3) showing her generosity
- (4) seeking compensation from humans

**102.** 'I fear just seek the golden calf' means Mankind's
- (1) showing his protective instinct
- (2) indulging his exploitive greed
- (3) recognizing the value of nature
- (4) conserving natural resources to an extreme

**103.** 'Rhyme-Time Riddles' where the question is a riddle and the answer is a rhyme, is an activity where students practise and study the
(1) poet's message
(2) central theme
(3) mechanics
(4) superficial meanings

**104.** The poetic device used in the line '*Mother Nature moves and speaks*' is
(1) Personification (2) Hyperbole
(3) Simile (4) Analogy

**105.** The line *'Moving fast and living large'* means that
(1) nature has become self destructive.
(2) man has become a victim of natural forces.
(3) nature continues to support man inspite of his greed.
(4) man is ruthlessly exploiting his environment.

**Directions :** Answer the following questions by selecting the most appropriate option :

**106.** While writing a diary, the learner must take into account its features such as
(1) brevity, personal, use abbreviations
(2) impersonality, brevity, use abbreviations
(3) should be clear to others, use abbreviations, brevity
(4) personal, no abbreviations, clarity

**107.** *'By far, the grammar issue I am most consistently challenged by is the dreaded dangling modifier. I'm not sure why, but this is an error I make with alarming regularity. I've learned to catch them, but I'm certain some manage to sneak through in my corrections.'*
Which sentence has this error ?
(1) Hoping to excuse my lateness, I wrote a note and gave it to my teacher.
(2) After reading the new book, Sara thought the movie based on it will be exciting.
(3) Having finished the assignment, Rahul turned on the TV.
(4) Upon entering the doctor's office, a skeleton approached me.

**108.** The principle of discovery implies that in a grammar class students.
(1) engage in activities that require them to think about collaborating.
(2) formulate certain rules by working through a number of examples.
(3) think consciously of grammar rules while completing an activity.
(4) are facilitated by the teacher to avoid grammatical errors.

**109.** When teaching the pronunciation of the word 'penchant' you would
(1) encourage students to use an 'English' word as an option
(2) find it's meaning and give it to your class
(3) use a pronunciation dictionary and say the word for the class to listen
(4) draw student's attention to the fact that it is a French word

**110.** *'I decided to use this song for a lesson today. Learners will read through the lyrics and see if they can guess which words complete the spaces. Then listen to check if they were right'.*
This is an __________ activity.
(1) information transfer
(2) information exchange
(3) error correction
(4) information gap

**111.** *'To answer the true or false questions below, you only need to listen to the first five minutes, but feel free to listen to the whole lecture and let us know what you think'*
This is an/a ________ listening activity.
(1) extensive (2) pre-
(3) while- (4) post-

**112.** A core teaching skill is
(1) demonstrating
(2) illustrating
(3) performing
(4) instructing

**113.** 'Kinesthetic' learning involves
(1) identifying sounds
(2) having a sharp, clear mental picture
(3) developing a strong feeling towards an experience
(4) relate to people / objects impersonally

**114.** A student response management requires the teacher to
(1) prompt (2) illustrate
(3) reinforce (4) remediate

**115.** A teacher's gestures and movement during teaching is a constituent of the skill of
(1) reinforcement
(2) stimulus variation
(3) questioning
(4) demonstrating

**116.** Micro-teaching is a technique used by teacher-educators when trainees
(1) watch a live demonstration
(2) watch an audio-visual presentation
(3) received individualized, programmed instruction
(4) use the simulation technique to develop their skills.

**117.** Which is a reading comprehension question ?
(1) Why did Emma dislike Darcy ?
(2) Check the pronunciation of 'Hotel'
(3) Use 'take up' in a sentence of your own.
(4) Have you read another book by Jane Austen ?

**118.** While reading, of one of these help students understand relations between different parts ?
(1) Adverbs
(2) Pronouns
(3) Proper nouns
(4) Phrasal verbs

**119.** The sequence of a writing process would be in the following order :
(1) reviewing, monitoring , translating
(2) planning, translating, reviewing
(3) translating, reviewing, monitoring
(4) planning, monitoring, reviewing

**120.** An anecdote is a
(1) narrative that relates the details of some real or imaginary event, incident
(2) short account of a particular incident or event
(3) non-historical or unverifiable story handed down by tradition
(4) daily record, usually private, especially of the writer's own experiences, observations, feelings, attitudes

Candidates should answer questions from the following Part only if they have opted for **HINDI** as **LANGUAGE – I**.

परीक्षार्थी निम्नलिखित भाग के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा – I** का विकल्प **हिन्दी** चुना हो ।

# भाग – IV
# भाषा – I
# हिन्दी

*निर्देश : गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों में **सबसे उचित** विकल्प चुनिए ।.*

बच्चों के सकारात्मक आत्म बोध के लिए यह ज़रूरी है कि उनकी सकारात्मक छवि को उभारा जाए । आप जानते ही हैं कि इस सकारात्मक छवि के बनने में बड़ों की, परिवार, समाज़ और हम उम्र साथियों की बहुत बड़ी भूमिका होती है । ये सभी बच्चों को किस नज़र से देखते हैं – यह बच्चे के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण होता है । सकारात्मक नज़र माने सकारात्मक छवि और नकारात्मक नज़र माने नकारात्मक छवि । बच्चों की क्षमताओं, योग्यताओं में विश्वास करना और इस विश्वास को बच्चों तक संप्रेषित करना भी उतना ही अनिवार्य है जितना कि उन पर विश्वास करना । अनेक माता-पिता अपने बच्चों से बेहद स्नेह करते हैं लेकिन कभी प्रकट नहीं करते । ऐसी स्थिति में बच्चों तक उनके स्नेह का संप्रेषण नहीं हो पाता और बच्चों एवं उनके अभिभावकों के बीच संवादहीनता अपना प्रभाव दिखाने लगती है । अत: यह ज़रूरी है, माता-पिता अपने बच्चों के साथ बातचीत करते रहें और उनकी क्षमताओं को विकसित होने के अवसर उपलब्ध करवाते रहें । बच्चों के समग्र विकास के लिए उनके मनोविज्ञान, मनोवैज्ञानिक विशेषताओं को समझना ज़रूरी है । विश्वास, सुरक्षा की भावना बच्चों में एकाग्रता, आत्मविश्वास, जैसे गुणों का विकास करने में मदद करेगी ।

जिनमें सकारात्मक आत्मबोध-आत्मविश्वास है वे जीवन की कठिनाइयों का सामना धैर्यपूर्वक करने में समर्थ होते हैं ।

**91.** बच्चे के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण है

(1) उनके प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण

(2) उनके प्रति सहानुभूति

(3) अनुशासन

(4) दयाभाव

**92.** बच्चों की क्षमताओं और योग्यताओं में विश्वास करना तथा उस विश्वास को बच्चे तक पहुँचाने से –

(1) बच्चे तक उनके स्नेह का संप्रेषण हो पाता है ।

(2) संवादहीनता की स्थिति उत्पन्न हो जाती है ।

(3) बच्चों में अनुशासन हीनता बढ़ जाती है ।

(4) बच्चों का आत्मबोध होता है ।

**93.** बच्चों और अभिभावकों में संवादहीनता की स्थिति कब उत्पन्न होती है ?

(1) जब बड़े उन पर विश्वास करना छोड़ देते हैं ।

(2) अभिभावक अपने विश्वास का संप्रेषण बच्चों तक नहीं कर पाते हैं ।

(3) उनमें लड़ाई होने पर ।

(4) बच्चों को विकसित होने के अवसर उपलब्ध कराने पर ।

**94.** कैसे बच्चे जीवन की कठिनाइयों का सामना धैर्यपूर्वक करने में समर्थ नहीं होते हैं ?

(1) आत्मविश्वासी

(2) सकारात्मक आत्मबोध वाले

(3) एकाग्रचित वाले

(4) सुरक्षा की भावना की कमी वाले

**95.** 'विकसित' में प्रत्यय है

(1) विक

(2) सित

(3) इत

(4) त

**96.** 'बच्चों' के सकारात्मक आत्मबोध के लिए ज़रूरी है कि उनकी सकारात्मक छवि को उभारा जाए ।' रचना के आधार पर वाक्य भेद है

(1) सरल वाक्य

(2) संयुक्त वाक्य

(3) मिश्र उपवाक्य

(4) सरल उपवाक्य

**97.** 'वे जीवन की कठिनाइयों का सामना धैर्यपूर्वक करने में समर्थ होते हैं ।' वाक्य में क्रिया विशेषण का उदाहरण है

(1) कठिनाइयाँ

(2) धैर्यपूर्वक

(3) समर्थ

(4) सामना

**98.** बच्चों की सकारात्मक छवि को उभारना ज़रूरी है –

(1) विश्वास के लिए

(2) समाज के लिए

(3) स्वीकारात्मक आत्मबोध के लिए

(4) शिक्षा के लिए

**99.** सकारात्मक छवि बनाने में _______ की बहुत बड़ी भूमिका होती है ।

(1) केवल बड़ों की

(2) केवल समाज की

(3) बड़ों की, परिवार, समाज और साथियों की

(4) मनोविज्ञान के ज्ञान

**निर्देश :** पद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों में सबसे उचित विकल्प चुनिए ।

आग लग रही, घात चल रहे, विधि का लेखा !
काले बादल में छिपती चाँदी की रेखा !
मुझे मृत्यु को भीति नहीं है,
पर अनीति से प्रीति नहीं है,
यह मनुजोचित रीति नहीं है,
जन में प्रीति प्रतीति नहीं है !
देश जातियों का कब होगा,
नव मानवता में रे एका,
काले बादल में कल की
सोने की रेखा !

**100.** 'जन में प्रीति प्रतीति नहीं है' पंक्ति में ______ अलंकार है ।

(1) अनुप्रास अलंकार

(2) रूपक अलंकार

(3) यमक अलंकार

(4) उपमा अलंकार

**101.** 'यह मनुजोचित रीति नहीं है ।' पंक्ति में कवि का आशय है –

(1) प्रेम में विश्वास न होना मनुष्य के लिए उचित नहीं है ।

(2) यह रीति मनुष्य के लिए उचित है ।

(3) मनुष्य को वही करना चाहिए जो उसके मन के लिए उचित है ।

(4) रीतियों में विश्वास मन को जँचता नहीं है ।

**102.** 'मानवता' से जातिवाचक संज्ञा बनेगी –

(1) मानवीय

(2) मानव

(3) मानवीकरण

(4) मनुष्य

**103.** 'काले बादल' प्रतीक हैं –
(1) विपत्तियों का
(2) वर्षा का
(3) काले रंग का
(4) बादलों का

**104.** 'सोने की रेखा' प्रतीक है –
(1) उज्ज्वल भविष्य
(2) सोने की जंजीर
(3) आज़ादी का
(4) सुनहरी रेखा

**105.** "चारों ओर हाहाकार मचा है षड्यंत्र रचे जा रहे हैं यह भाग्य का लिखा है ।" यह भाव किस पंक्ति में निहित हैं ?
(1) यह मनुजोचित रीति नहीं है
(2) काले बादल में कल की सोने की रेखा
(3) आग लग रही, घात चल रहे, विधि का लेखा
(4) जन में प्रीति प्रतीति नहीं है ।

**निर्देश** : सही विकल्प का चयन कीजिए :

**106.** भाषा, कला और सृजनात्मकता व कल्पनाशीलता –
(1) सभी पृथक हैं ।
(2) सभी में गहरा संबंध है ।
(3) सभी भाषा की कक्षा के बाहर की वस्तु हैं ।
(4) केवल कला की कक्षा में अर्थपूर्ण हैं ।

**107.** भाषा की पाठ्य-पुस्तकों में साहित्यिक विधाओं के साथ-साथ विज्ञान, खेलकूद, भूगोल आदि अन्य विषयों की सामग्री –
(1) नहीं होनी चाहिए, इससे पृष्ठों की संख्या बढ़ती है ।
(2) होनी चाहिए क्योंकि इससे बच्चों का सामान्य ज्ञान बढ़ेगा ।
(3) होनी चाहिए, ताकि बच्चे विभिन्न विषयों की शब्दावली से परिचित हो सकें ।
(4) नहीं होनी चाहिए क्योंकि ये विषय बच्चे समझ नहीं पाएँगे ।

**108.** मौन पठन का उद्देश्य है
(1) गहन अर्थ ग्रहण करना ।
(2) बिना बुदबुदाए पढ़ने की कला का विकास ।
(3) द्रुत गति से पढ़ जाना ।
(4) ढेर सारी जानकारी प्राप्त करना ।

**109.** प्राथमिक स्तर की शिक्षा में संप्रेषण का माध्यम मातृभाषा ही होना चाहिए क्योंकि –
(1) वह सरल होती है ।
(2) वही एकमात्र माध्यम होती है ।
(3) उसी में बच्चे का मस्तिष्क सबसे पहले क्रियाशील होता है ।
(4) पुस्तकें इसी भाषा में होती हैं ।

**110.** प्रत्येक बच्चे की भाषा ______ होती है ।
(1) जटिल
(2) सरल
(3) अपने आप में अपूर्ण
(4) अपने आप में पूर्ण

**111.** भाषा की पाठ्य-पुस्तक में अभ्यासों का महत्त्व इस रूप में है कि –
(1) उनके अभाव में पाठ्य-पुस्तक अपूर्ण होती है ।
(2) वे बच्चों को निर्देश देते हैं कि उन्हें किस सीमा तक कार्य करना है ।
(3) वे बच्चों को भाषा-प्रयोग के विविध अवसर उपलब्ध कराते हैं ।
(4) वे भाषा का प्रश्न-पत्र बनाने का एकमात्र आधार हैं ।

**112.** भाषा शिक्षक का यह दायित्व है कि वह –
(1) बच्चों को व्याकरण के नियम सिखाए ।
(2) बच्चों की मातृभाषाओं का पूर्ण ज्ञान प्राप्त करे ।
(3) बच्चों के घर की भाषा और स्कूल की भाषा में आपसी संबंध बनाए ।
(4) बच्चों को अनिवार्यत: लिखित कार्य दे ।

**113.** भाषा के आकलन में _______ पर सर्वाधिक बल दिया जाना चाहिए ।

(1) व्याकरणिक ज्ञान

(2) लिखित भाषा

(3) मौखिक भाषा

(4) विभिन्न संदर्भों में भाषा-प्रयोग की कुशलता

**114.** विद्यालय आने से पहले –

(1) बच्चों के पास अपनी भाषा के व्याकरण की सचेत समझ होती है ।

(2) बच्चों के पास अपनी भाषा के व्याकरण की सचेत समझ नहीं होती ।

(3) बच्चे अपनी भाषा के प्रयोग में पूर्णत: दक्ष होते हैं ।

(4) बच्चे अपनी भाषा के प्रयोग में अत्यंत कमज़ोर होते हैं ।

**115.** लिखना कौशल में ______सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है ।

(1) लिपि-चिह्नों की बनावट

(2) मानक वर्तनी पर बल

(3) अभिव्यक्ति की कुशलता

(4) सुंदर लेख

**116.** छह वर्षीया तूलिका बातचीत करते समय कभी-कभी अपनी मातृभाषा के शब्दों का प्रयोग करती है । यह किस ओर संकेत करता है ?

(1) तूलिका को भाषा की बिलकुल जानकारी नहीं है ।

(2) उसका शब्द-भंडार बहुत कम है ।

(3) वह भाषा सीखने की प्रक्रिया में है ।

(4) उसे केवल अपनी भाषा ही पसंद है ।

**117.** भाषा के प्रश्न-पत्र में आप किस प्रश्न को रखना चाहेंगे ?

(1) संज्ञा की परिभाषा बताइए ।

(2) किसी ऐसी घटना का वर्णन कीजिए जब आपको बहुत मज़ा आया हो ।

(3) 'चाँदनी रात में नौका विहार' शीर्षक पर निबंध लिखिए ।

(4) विशेषण शब्द के दो उदाहरण दीजिए ।

**118.** भाषा की कक्षा में सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है –

(1) आपसी बातचीत

(2) भाषा की पाठ्य-पुस्तक

(3) भाषा की परीक्षा

(4) समाचार-पत्र पढ़ना

**119.** बाल साहित्य का प्रयोग –

(1) व्याकरण पढ़ाने हेतु उचित नहीं है ।

(2) भाषा सीखने के लिए सस्ता साधन है ।

(3) भाषा की बारीकियाँ एवं सौंदर्य बोध की क्षमता का विकास करता है ।

(4) बच्चों को मुख्य पाठ्यसामग्री से विचलित करता है ।

**120.** मुहावरे-लोकोक्तियों का प्रयोग –

(1) भाषा को क्लिष्ट बनाता है ।

(2) भाषा की शोभा बढ़ाता है ।

(3) प्रभावी भाषा का निर्माण करता है ।

(4) अनिवार्य है ।

Candidates should answer questions from the following Part only if they have opted for **ENGLISH** as **LANGUAGE – II**.

परीक्षार्थी निम्नलिखित भाग के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा – II** का विकल्प **अंग्रेज़ी** चुना हो ।

# PART - V
# LANGUAGE - II
# ENGLISH

**Directions :** Read the given passage and answer the questions that follow (Q. No. **121** to **130**) by selecting the most appropriate option.

Many of the threats facing Kakamega Forest arise from inadequate knowledge and understanding among stakeholders about the importance of forest biodiversity, its conservation and the consequences of its destruction. Education on these issues to the stakeholders who include local communities near the forest, other forest users, manufacturers and consumers of timber produce, decision-makers, administrators, politicians and lawmakers is critical for the survival of the forest.

In the longer term, creating awareness about forest conservation among children will pay off when they become decision-makers, forest managers and users. Awareness is also being created about alternative economic activities that can reduce pressure on the forest. The program is working in collaboration with and strengthening a local initiative, the Kakamega Environmental Education Program. The project facilitates training of its members on conservation related topics and provided bicycles to transport them to distant schools around the forest.

The programme has focused environmental conservation education on school children. The education to school children covers the following areas: the importance of forest biodiversity, its conservation, consequences of its destruction and alternative activities that could reduce the pressure on the forest. Members also show television and video conservation documentaries to the community at the resource center. Local extension workers drawn from the membership focus on educating the adult community. Environmental conservation education to adults includes lectures on the significance of Kakamega Forest, sustainable exploitation of forest products and how the local communities could best conserve the forest by adopting alternative energy and economic activities that this project has introduced into the area.

**121.** Education to Stakeholders

(1) creates limited opinions.

(2) strong opinions for or against the activities conducted.

(3) no opinions as they are the employers.

(4) awareness which is critical to existence of the forest.

**122.** 'Critical' in the given context means being

(1) Uninformed

(2) Judgemental

(3) Urgent

(4) Making negative comments

**123.** To reduce the pressure on the forest
(1) all locals have to migrate from that area
(2) Government has to have a strong, aggressive presence there
(3) everyone has to extract and utilise its resources judiciously
(4) people need to enforce traditional laws relating to forestry

**124.** Documentaries are
(1) educational and informative audio-video materials
(2) written reports of conservation efforts
(3) documents taken away from illegal wood cutters and poachers
(4) a semi fictional films based on the location

**125.** The resource center would be a place where
(1) people can watch movies
(2) members hold regular meetings
(3) prepare and display publicity materials
(4) confiscated forest produce is stored for locals to see

**126.** Local extension workers are
(1) the local leaders who are members of KEEP
(2) youths who are volunteers from outside
(3) the female population
(4) the adults of the community who are supporting KEEP

**127.** Educating the adult community is necessary to ensure greater participation of the
(1) local communities
(2) visitors
(3) governments
(4) foreign businesses

**128.** 'Forest biodiversity' is necessary for
(1) local inhabitants
(2) animals living in forests
(3) animals and people
(4) big businesses

**129.** The sustainable exploitation of forest products would mean that
(1) only the locals have access to its resources
(2) continually exploit the forest wealth
(3) giving up the local, natural resources to exploiters
(4) use forest resources with particular care for replacing them

**130.** A word which is the opposite of 'distracted' is
(1) created (2) focused
(3) related (4) drawn

**Directions :** Read the given passage and answer the questions that follow (Q. No. **131** to **136**) by selecting the most appropriate option.

**The Interview**

Staple was close to running late for the interview, and as he ducked into the elevator, some fool stuck his foot into the gap between the closing doors, and the doors bounced off, time was running, "Sorry," said the other guy, and Staple wanted to hit him, so hit, punched his fist into the button for floor nine, giving it that lethal one-knuckle punch, and then they were rising, and then the other guy reached across and pushed the button for floor five, and that was another delay, and Staple had to restrain himself from killing the mutant intruder.

The interview room. A minute late. He was seated, and they were doing some preliminaries, and he had his hands in his lap, knuckles down on the fabric of his pants, and then he saw it,....

A skin flap hanging loose from the knuckle with which he had punched the elevator button, and the man across the table was saying, "Mr. Staple ?"

"Pardon me," said Staple, and fished his handkerchief out of his pocket, awkwardly, using his left hand – the handkerchief was in the right-hand pocket. Wiped his nose with it. "Touch of allergy," he said, with a smile. Then secretly wrapped it round his bleeding hand, which he would have to keep in his lap.

And it was so difficult ! He gestured when he talked, that was habit, unbreakable, and the left hand just didn't do it for him, he needed the right, but the right was embargoed, evidence of exactly why he'd lost his last job.

"We'll be contacting you within the next week or so," said Derwent at the end of the interview, giving him a professional smile.

And Staple, walking out of the room, felt sure he was doomed, that he had failed the interview totally.

The truth was the reverse. Although he didn't know it yet, Staple had the job. As a member of an embattled minority in a cruel and unfeeling world, Derwent was always ready to tip the scales in favour of a fellow left-hander.

**131.** The 'doors bounced off' when someone put a foot between the doors. The door were consequently

(1) separated themselves

(2) broke away from the lift

(3) started rattling

(4) closed violently

**132.** A 'lethal one-knuckle punch' expresses the writer's

(1) disappointment that he was late already

(2) frustration that he couldn't hit back

(3) repressed anger for what was happening that day

(4) surprise at his own intolerant temper

**133.** 'Mutant' in the story would be

(1) a new species formed by chromosomal change

(2) a wild animal

(3) a strange creature

(4) a rude person

**134.** 'Right was embargoed.' The writer wishes to convey an impression that his hand was

(1) legitimately non-functional

(2) was heavily bandaged

(3) covered up and hidden away in his left pocket

(4) looking awkward as a finger was covered with blood stains

**135.** To 'duck into' means to

(1) rush in

(2) walk like a duck

(3) bend suddenly

(4) sneak into

**136.** The narrator got the job because Derwent
(1) noticed his injured hand
(2) sympathized with a fellow left hander
(3) took pity on left handed persons
(4) understood the narrator's emotional state.

**Directions :** Select the most appropriate option (Q. No. **137** to **150**) :

**137.** *'To live a life half-dead, a living death'* is a statement using a literary device called
(1) transferred epithet
(2) oxymoron
(3) metaphor
(4) personification

**138.** An example for using an idiom is
(1) 'Make hay while the sun shines'
(2) 'Her speech at the assembly had hit the nail on the head'
(3) 'Sweet are the uses of adversity'
(4) 'The rainbow has seven shades of three basic colours'

**139.** *'Divide your class into two groups and have one person from each group come to the front board. Read a sentence which uses one of a pair of homophones. The first student to correctly write that homophone on the board scores a point for his team.'* In this speaking game, students learn by
(1) consciously focusing on the meanings and usage of words.
(2) collaboratively playing the game, where the teacher facilitates.
(3) ensuring no one is the winner, with everyone getting an opportunity to excel.
(4) being active as they practise the sounds.

**140.** 'Colloquial' means a form that is unsuitable for
(1) informal conversation
(2) formal conversation
(3) informal writing
(4) scanning during reading

**141.** When the relationship between two successive sentences are in terms of time, the relationship is
(1) temporal (2) causative
(3) additive (4) appositive

**142.** 'Critical reading' requires learners to read
(1) for understanding the information directly in the text
(2) to recognize ideas and information not directly stated
(3) in a manner that requires judgements about the accuracy of the text and validity of conclusions drawn
(4) for the generation of new and more relevant ideas, and proposing alternative ideas

**143.** The activity that requires an understanding of text organization is where the student
(1) states the main idea or finds the topic sentence
(2) makes a prediction or hypothesis about what the text is likely to be about
(3) shows through interlinking the relationship between details and main points
(4) makes notes on the text

**144.** In the writing process, 'translating' means to

(1) the rendering of one language text to another

(2) use the right words and sentences to express your thoughts

(3) review a written text or comparing two or more versions of the text

(4) re-formulate based on feedback from other readers

**145.** We use ________ to talk about something that happened within a definite time span.

(1) description (2) narration

(3) reflection (4) dialogue

**146.** In the word 'tale', the phonetic transcription for the word is

(1) /tel/ (2) /te:l/

(3) /teil/ (4) /tal/

**147.** The media that offer a vicarious experience to learners are

(1) real objects and specimens

(2) abstract words, case study

(3) display boards, film clips

(4) field trips, observations

**148.** The 'interactional routine' during speaking assessment includes

(1) negotiating meanings, taking turns and allowing others to take turns

(2) describing one's school or its environs informally

(3) 'telephone' conversation with another

(4) comparing two or more objects/places/events to the assessor

**149.** According to research quoted by NCF 2005

(1) Education in the mother tongue enhances levels of cognitive growth and scholastic achievement.

(2) An English medium education ensures social tolerance and divergent thinking.

(3) Bilingual or multilingual proficiency raises the levels of cognitive growth and scholastic achievement.

(4) The three-language formula ensures a focused growth of India's primary languages of communication.

**150.** A 'schemata' is a

(1) personalized method of advancement through a program of study that provides individualized attention to students according to their own pace.

(2) statement about the behaviour to be expected of a person with that score or their relationship to a specified subject matter.

(3) mental model of aspects of the world or of the self that is structured to facilitate the processes of cognition and perception.

(4) teacher's detailed description of the course of instruction for an individual lesson.

Candidates should answer questions from the following Part only if they have opted for **HINDI** as **LANGUAGE – II**.

परीक्षार्थी निम्नलिखित भाग के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा – II** का विकल्प **हिन्दी** चुना हो ।

# भाग – V
## भाषा – II
## हिन्दी

**निर्देश** : गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सबसे उचित विकल्प चुनिए :

शिक्षा से तात्पर्य है किसी भी प्रकार का प्रशिक्षण । यह प्रशिक्षण साक्षरता से लेकर जीवन के किसी भी रचनात्मक परिवेश के अंतर्गत हो सकता है । जब हम शिक्षा तथा व्यवसाय की बात करते हैं तब बात आधुनिक शिक्षा-प्रणाली पर जाकर केन्द्रित होने लगती है । समसामयिक जीवन की भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए ऐसे शिक्षण की आवश्यकता होती है जिसके लक्ष्य को प्राप्त करने के बाद युवक-युवतियाँ अपने व्यवसाय के चयन में किसी भी प्रकार की कठिनाई का अनुभव न करें । आज की शिक्षा प्रणाली में व्यापक स्तर पर यही दोष सर्वमान्य है कि उसकी सीमाएँ मात्र पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित हैं, वह किसी भी स्तर पर रचनात्मक व्यावहारिक ज्ञान का द्वार नहीं खोल पातीं ।

*(स्त्री शिक्षा के विरोधी कुतर्कों का खंडन)*

**121.** आज ऐसे शिक्षण की आवश्यकता है

(1) जिससे ज्ञान में वृद्धि हो ।

(2) जो सरलता से समझ में आ जाए ।

(3) जिससे व्यवसाय-चयन में कठिनाई न हो ।

(4) जो बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि जाग्रत करे ।

**122.** शिक्षा प्रणाली में कौन सा दोष सर्वमान्य है ?

(1) रचनात्मकता

(2) व्यावहारिकता

(3) व्यावसायिकता

(4) पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित होना

**123.** 'शिक्षा' का अर्थ है :

(1) किसी भी प्रकार का शिक्षण

(2) केवल विद्यालयी पढ़ाई

(3) किसी भी प्रकार का पुस्तकीय ज्ञान

(4) किसी भी प्रकार का प्रशिक्षण

**124.** पुस्तकीय, राजकीय शब्दों में प्रत्यय है :

(1) कीय

(2) य

(3) तकीय, जकीय

(4) ईय

**125.** <u>भौतिक</u> आवश्यकताओं में रेखांकित पद विशेषण है । इसका भेद बताइए ।

(1) गुणवाचक विशेषण

(2) परिमाणवाचक विशेषण

(3) संख्यावाचक विशेषण

(4) सार्वनामिक विशेषण

**126.** 'आधुनिक' शब्द का विलोम है

(1) पुरातन

(2) पुराना

(3) पराया

(4) प्राचीन

**127.** दिए गए शब्दों में सही वर्तनी बताइए :

(1) उपलब्धी

(2) उपलब्धि

(3) उपलबधि

(4) उपलबधी

**128.** शिक्षा तथा व्यवसाय की बात आधुनिक शिक्षा प्रणाली पर जाकर केन्द्रित होने लगती है क्योंकि

(1) आधुनिक शिक्षा प्रणाली उत्तम है ।

(2) यह युवक-युवतियों को व्यवसाय चयन में सहायक है ।

(3) यह युवक-युवतियों को व्यवसाय चुनने में सहायक नहीं है ।

(4) इसमें रचनात्मकता पर बल दिया जाता है ।

**निर्देश** : गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों में सबसे उचित विकल्प चुनिए ।

हँसी शरीर के स्वास्थ्य का संदेश देने वाली है । वह एक साथ ही शरीर और मन को प्रसन्न करती है । पाचन शक्ति बढ़ाती है, रक्त को चलाती है और अधिक पसीना लाती है । हँसी एक शक्तिशाली दवा है । एक डॉक्टर के अनुसार हँसी जीवन की मीठी दवा है । आनंद से बढ़कर बहुमूल्य वस्तु मनुष्य के पास और नहीं है । कारलाइल एक राजकुमार था । वह कहता है कि जो जी से हँसता है वह कभी बुरा नहीं होता । जी से हँसो, तुम्हें अच्छा लगेगा । अपने मित्र को हँसाओ, वह अधिक प्रसन्न होगा । शत्रु को हँसाओ, तुमसे कम घृणा करेगा । एक अनजान को हँसाओ, तुम पर भरोसा करेगा । उदास को हँसाओ, उसका दुःख घटेगा । एक बालक को हँसाओ, उसके स्वास्थ्य में वृद्धि होगी । वह प्रसन्न और प्यारा बालक बनेगा । कष्टों में और चिंताओं में एक सुंदर हँसी, बड़ी प्यारी वस्तु भगवान ने दी है ।

**129.** हँसी क्या नहीं करती है ?

(1) शरीर और मन को प्रसन्न

(2) पाचन शक्ति में वृद्धि

(3) बीमारी में वृद्धि

(4) स्वास्थ्य में वृद्धि

**130.** मनुष्य के पास सबसे अनमोल वस्तु है :

(1) बुद्धि

(2) धन

(3) हँसी

(4) बल

131. 'हँसी' से विशेषण बनेगा :
(1) हँसी
(2) हँसना
(3) हँसमुख
(4) हँसता

132. प्रसन्न, उदास विशेषण शब्द हैं । इनकी भाववाचक संज्ञा है :
(1) प्रशंसनीय, उदासी
(2) प्रसन्नता, उदासी
(3) प्रसन्नता, उदासीन
(4) प्रसन्नतापूर्वक, उदासपूर्ण

133. 'उसके स्वास्थ्य में वृद्धि होगी ।' वाक्य में रेखांकित पद का कारक बताइए ।
(1) संप्रदानकारक
(2) अधिकरण कारक
(3) संबंधकारक
(4) अपादानकारक

134. 'मीठी' से भाववाचक संज्ञा बनाइए –
(1) मीठी
(2) मिठास
(3) मीठा
(4) मिठाई

135. कष्टों और चिंताओं में सुंदर हँसी, बड़ी प्यारी वस्तु है :
(1) यह कष्टों और चिंताओं को कम कर देती है ।
(2) यह कष्टों और चिंताओं में वृद्धि करती है ।
(3) हँसी से कष्टों और चिंताओं में कोई परिवर्तन नहीं आता ।
(4) इनमें से कोई नहीं

**निर्देश** : सही विकल्प का चयन कीजिए –

136. बच्चे घर, समाज से –
(1) भाषा सीखते हैं ।
(2) भाषा अर्जित करते हैं ।
(3) भाषा का एक ही रूप सीखते हैं ।
(4) एक ही भाषा सीखते हैं ।

137. भाषा शिक्षण के एक पहलू के रूप में सुनने की कला का विकास ________ की मदद से किया जा सकता है ।
(1) केवल बातचीत
(2) लोक संगीत
(3) शास्त्रीय संगीत
(4) लोक और शास्त्रीय संगीत

138. पाठ्य-पुस्तक के अंत में दिए गए अभ्यास ऐसे हों जो –
(1) व्याकरण का ज्ञान कराते हों ।
(2) भाषा की बारीकी और सौंदर्य को उद्घाटित करते हों ।
(3) भाषा की संरचना का यांत्रिक अभ्यास कराते हों ।
(4) भाषा के प्रश्न-पत्र बनाने में सहायता करें ।

139. पहली बार स्कूल में आने वाला बच्चा –
(1) अपनी भाषा की कमज़ोर पकड़ के साथ आता है ।
(2) शब्दों के अर्थ और उनके प्रभाव से परिचित होता है ।
(3) केवल अपनी बात कह सकता है ।
(4) भाषा-प्रयोग की सभी कुशलताओं में समान रूप से दक्ष होता है ।

140. पढ़ना कौशल में आप किसे सर्वाधिक महत्त्व देंगे ?
(1) शब्दों का अर्थ
(2) मुख्य बिंदु/विचार को ग्रहण करना
(3) वाक्यों का अर्थ
(4) द्रुत गति से पढ़ना

**141.** भाषा के आधारभूत कौशल हैं –
(1) सुनना, बोलना, पढ़ना, समझना
(2) सुनना, बोलना, लिखना, समझना
(3) बोलना, पढ़ना, लिखना, समझना
(4) सुनना, बोलना, पढ़ना, लिखना

**142.** भाषा-शिक्षण में शिक्षण-अधिगम सामग्री का प्रयोग –
(1) भाषा शिक्षण को रोचक बनाता है ।
(2) संकल्पनाओं/विषय को स्पष्ट करने में मदद करता है ।
(3) विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को भी भाषा सीखने में सुविधा मुहैया कराता है ।
(4) उपर्युक्त सभी

**143.** भाषा की कक्षा में आप किस बात पर सर्वाधिक बल देंगे ?
(1) भाषा की परीक्षा
(2) भाषा-प्रयोग संबंधी गतिविधियों में सभी बच्चों की सक्रिय भागीदारिता
(3) सभी बच्चों द्वारा भाषा की परीक्षा में अधिकतम अंक लाना
(4) मानक भाषा का प्रयोग

**144.** भाषा की पाठ्य पुस्तक ऐसी हो जिसमें –
(1) कविताएँ हों ।
(2) कहानियाँ हों ।
(3) अभ्यास हों ।
(4) जीवन और भाषा के विविध रंग हों ।

**145.** भाषा-शिक्षण का एक महत्त्वपूर्ण उद्देश्य है –
(1) भाषा के व्याकरण पर अधिकार
(2) पूर्व अर्जित भाषायी कौशलों का उत्तरोत्तर विकास
(3) सभी कौशलों में समान दक्षता-स्तर प्राप्त करना
(4) आलंकारिक भाषा-प्रयोग की कुशलता

**146.** लेखन कौशल के विकास में सबसे कम प्रभावी हैं –
(1) चित्रांकन
(2) सुलेख
(3) मन की बात लिखना
(4) घटनाओं, दृश्यों का लिखित वर्णन

**147.** भाषा के आकलन में सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है –
(1) भाषा की पाठ्य-पुस्तक के अभ्यास
(2) निबंध – पत्र आदि लिखना
(3) विभिन्न स्थितियों में भाषा-प्रयोग की कुशलता
(4) व्याकरण पर अधिकार

**148.** भाषा सीखने के संदर्भ में कौन सा कथन सही है ?
(1) बच्चों में भाषा सीखने की जन्मजात क्षमता होती है ।
(2) व्याकरण का ज्ञान भाषा-प्रयोग की कुशलता का एकमात्र सुनिश्चित मानदंड है ।
(3) भाषा सीखना भाषा की कक्षा में ही संभव है ।
(4) मानक भाषा के प्रयोग पर अत्यधिक बल देना चाहिए ।

**149.** भाषा के सभी आधारभूत कौशलों में सर्वप्रमुख कौशल ______ है जिस पर अन्य कौशलों का विकास निर्भर करता है ।
(1) लिखना
(2) पढ़ना
(3) बोलना
(4) सुनना

**150.** पढ़ना शुरू करने का कारगर उपाय है –
(1) लिपि-चिह्नों का ज्ञान
(2) वाक्य-विन्यास पर अधिकार
(3) बच्चों द्वारा बताए गए अनुभवों का लेखन और उनके द्वारा उस लिखित पाठ का वाचन
(4) बिना मात्रा वाले शब्दों, वाक्यों को पढ़ना

# SPACE FOR ROUGH WORK

# रफ कार्य के लिए जगह

**READ CAREFULLY THE FOLLOWING INSTRUCTIONS :**

1. Out of the four alternatives for each question, only one circle for the correct answer is to be darkened completely with Blue/Black Ball Point Pen on Side-2 of the OMR Answer Sheet. The answer once marked is not liable to be changed.
2. The candidates should ensure that the Answer Sheet is not folded. Do not make any stray marks on the Answer Sheet. Do not write your Roll No. anywhere else except in the specified space in the Answer Sheet.
3. Handle the Test Booklet and Answer Sheet with care, as under no circumstances (except for discrepancy in Test Booklet Code or Number and Answer Sheet Code or Number), another set will be provided.
4. The candidates will write the correct Test Booklet Code and Number as given in the Test Booklet / Answer Sheet in the Attendance Sheet.
5. Candidates are not allowed to carry any textual material, printed or written, bits of papers, pager, mobile phone, electronic device or any other material except the Admit Card inside the examination hall/ room.
6. Each candidate must show on demand his / her Admission Card to the Invigilator.
7. No candidate, without special permission of the Superintendent or Invigilator, should leave his / her seat.
8. The candidates should not leave the Examination Hall without handing over their Answer Sheet to the Invigilator on duty and sign the Attendance Sheet twice. Cases where a candidate has not signed the Attendance Sheet a second time will be deemed not to have handed over the Answer Sheet and dealt with as an unfair means case. **The candidates are also required to put their left hand THUMB impression in the space provided in the Attendance Sheet.**
9. Use of Electronic / Manual Calculator is prohibited.
10. The candidates are governed by all Rules and Regulations of the Board with regard to their conduct in the Examination Hall. All cases of unfair means will be dealt with as per Rules and Regulations of the Board.
11. No part of the Test Booklet and Answer Sheet shall be detached under any circumstances.
12. **On completion of the test, the candidate must hand over the Answer Sheet to the Invigilator in the Room / Hall.** ***The candidates are allowed to take away this Test Booklet with them.***

**निम्नलिखित निर्देश ध्यान से पढ़ें :**

1. प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए चार विकल्पों में से सही उत्तर के लिए OMR उत्तर पत्र के पृष्ठ-2 पर केवल एक वृत्त को ही पूरी तरह नीले/काले बॉल पॉइन्ट पेन से भरें । एक बार उत्तर अंकित करने के बाद उसे बदला नहीं जा सकता है ।
2. परीक्षार्थी सुनिश्चित करें कि इस उत्तर पत्र को मोड़ा न जाए एवं उस पर कोई अन्य निशान न लगाएँ । परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक उत्तर पत्र में निर्धारित स्थान के अतिरिक्त अन्यत्र न लिखें ।
3. परीक्षा पुस्तिका एवं उत्तर पत्र का ध्यानपूर्वक प्रयोग करें, क्योंकि किसी भी परिस्थिति में (केवल परीक्षा पुस्तिका एवं उत्तर पत्र के संकेत या संख्या में भिन्नता की स्थिति को छोड़कर) दूसरी परीक्षा पुस्तिका उपलब्ध नहीं करायी जाएगी ।
4. परीक्षा पुस्तिका / उत्तर पत्र में दिए गए परीक्षा पुस्तिका संकेत व संख्या को परीक्षार्थी सही तरीके से हाज़िरी-पत्र में लिखें ।
5. परीक्षार्थी द्वारा परीक्षा हॉल/कक्ष में प्रवेश कार्ड के सिवाय किसी प्रकार की पाठ्य सामग्री, मुद्रित या हस्तलिखित, कागज़ की पर्चियाँ, पेजर, मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या किसी अन्य प्रकार की सामग्री को ले जाने या उपयोग करने की अनुमति नहीं है ।
6. पूछे जाने पर प्रत्येक परीक्षार्थी, निरीक्षक को अपना प्रवेश-कार्ड दिखाएँ ।
7. अधीक्षक या निरीक्षक की विशेष अनुमति के बिना कोई परीक्षार्थी अपना स्थान न छोड़ें ।
8. कार्यरत निरीक्षक को अपना उत्तर पत्र दिए बिना एवं हाज़िरी-पत्र पर दुबारा हस्ताक्षर किए बिना परीक्षार्थी परीक्षा हॉल नहीं छोड़ेंगे । यदि किसी परीक्षार्थी ने दूसरी बार हाज़िरी-पत्र पर हस्ताक्षर नहीं किए तो यह माना जाएगा कि उसने उत्तर पत्र नहीं लौटाया है और यह अनुचित साधन का मामला माना जाएगा । **परीक्षार्थी अपने बाएँ हाथ के अंगूठे का निशान हाज़िरी-पत्र में दिए गए स्थान पर अवश्य लगाएँ ।**
9. इलेक्ट्रॉनिक / हस्तचालित परिकलक का उपयोग वर्जित है ।
10. परीक्षा-हॉल में आचरण के लिए परीक्षार्थी बोर्ड के सभी नियमों एवं विनियमों द्वारा नियमित हैं । अनुचित साधनों के सभी मामलों का फैसला बोर्ड के नियमों एवं विनियमों के अनुसार होगा ।
11. किसी हालत में परीक्षा पुस्तिका और उत्तर पत्र का कोई भाग अलग न करें ।
12. **परीक्षा सम्पन्न होने पर, परीक्षार्थी कक्ष / हॉल छोड़ने से पूर्व उत्तर पत्र कक्ष-निरीक्षक को अवश्य सौंप दें ।** ***परीक्षार्थी अपने साथ इस परीक्षा पुस्तिका को ले जा सकते हैं ।***

SEAL